
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सिद्धांत ने मृणाल पर ......

परफार्म करने के बाद ......

वर्ष : 12 अंक : 49 लखनऊ, 10 फरवरी, मंगलवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में एक बहुत सुरक्षित लैंडिंग की जगह खोज ली है

## चंद्रयान-4 के लिए खुशखबरी-चांद पर सबसे सुरक्षित लैंडिंग होगी और मिट्टी के साथ चट्टानों के नमूने भी आएंगे भारत, रिसर्च को लगेंगे पंख

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए जिस स्थान को चुना है, वह साधारण जगह नहीं बल्कि चंद्र सतह का बेहद महत्वपूर्ण इलाका है। साउथ पोल के निकट स्थित मॉन्स माउटन लगभग 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है, जिसकी चोटी अपेक्षाकृत सपाट है और यही विशेषता इसे लैंडिंग के लिए उपयुक्त बनाती है। लंबे समय तक सूर्य की रोशनी, अपेक्षाकृत सुरक्षित भूभाग और संभावित वॉटर आइस की मौजूदगी इसे वैज्ञानिकों के लिए और भी आकर्षक बनाती है। लैंडिंग साइट की खोज में चंद्रयान-2 ऑर्बिटर एक बार फिर इसरो के लिए 'आई इन द स्काई' साबित हुआ। ऑर्बिटर हाई रेजोल्यूशन कैमरा द्वारा ली गई 32 सेंटीमीटर प्रति पिक्सल की सूक्ष्म तस्वीरों ने वैज्ञानिकों को छोटे क्रेटर, ढलान, बोल्डर और सतही संरचना को बेहद विस्तार से समझने में मदद की। यही विश्लेषण लैंडिंग साइट के चयन में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में एक बहुत सुरक्षित लैंडिंग जगह खोज ली है।

इस जगह को खोजने के लिए इसरो के स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से ली गई हाई रिजॉल्यूशन तस्वीरों की स्टडी की। मॉन्स मूटन नाम के पहाड़ के पास 1 वर्ग किलोमीटर का एक पैच सबसे अच्छा बताया गया है। यह भारत का पहला लूनर सैंपल रिटर्न मिशन होगा, यानी चांद से मिट्टी और पत्थर लाकर पृथ्वी पर वापस लाना।

*पहली बार चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लेकर आएगा*

*हाई-रिजोल्यूशन तस्वीरें गड्ढों, पत्थरों और ढलानों को बहुत साफ दिखाती हैं*

### लैंडिंग ही नहीं, सैंपल भी लेकर लौटेगा चंद्रयान-4



2104 करोड़ रुपये लागत वाला चंद्रयान-4 केवल चंद्रमा पर उतरकर वैज्ञानिक अध्ययन ही नहीं करेगा, बल्कि पहली बार चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लेकर आएगा। यह मिशन इसरो के सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण अभियानों में से एक है। दो अलग-अलग रॉकेट-एलवीएम-3 और पीएसएलवी-अपने अपने मॉड्यूल लेकर प्रक्षेपित होंगे। एक स्टैक उत्खनन और संग्रहण का कार्य करेगा, जबकि दूसरा सैंपल को पृथ्वी तक सुरक्षित वापसी के लिए आवश्यक मॉड्यूल लेकर जाएगा।

**भारत के अंतरिक्ष विज्ञान का ऐतिहासिक कदम**

चंद्रयान-4 सिर्फ एक मिशन नहीं, बल्कि भारत के अंतरिक्ष विज्ञान की नई उड़ान का प्रतीक है। चंद्र सतह से सैंपल लाकर अध्ययन करना वैज्ञानिक खोजों के बिल्कुल नए क्षितिज खोलेगा। यह मिशन न केवल इसरो की तकनीकी क्षमता का प्रमाण होगा, बल्कि मानवता के चंद्र अध्ययन के इतिहास में भी एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा।

### क्या फायदा?

ये हाई-रिजोल्यूशन तस्वीरें गड्ढों, पत्थरों और ढलानों को बहुत साफ दिखाती हैं। इससे सटीक लैंडिंग का फैसला आसान होता है। अगर लैंडिंग साइट सिलेक्शन कमेटी मंजूरी देती है, तो यही जगह चंद्रयान-4 की लैंडिंग के लिए चुनी जाएगी। यह अध्ययन दिखाता है कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम कितना आगे बढ़ चुका है। चंद्रयान-4 सफल हुआ तो भारत चांद के रहस्यों को और करीब से समझ सकेगा। दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ भी हो सकती है, जो भविष्य के मिशनों के लिए जरूरी है। इसरो की यह तैयारी भारत को अंतरिक्ष की महाशक्ति बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

### खबर संक्षेप

#### नाइजीरिया में ट्रक हादसे में 30 लोगों की मौत



**कानो (नाइजीरिया)।** उत्तरी नाइजीरिया में एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। कानो के गवर्नर के कार्यालय के एक बयान के अनुसार, लापरवाही से वाहन चला रहे ट्रक चालक ने कानो के गेजावा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के क्वानार बार्डे कस्बे में एक राजमार्ग पर ट्रक से नियंत्रण खो दिया जिससे कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई।

#### हमास के एक सहयोगी को किया गिरफ्तार



**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में सोमवार तड़के एक अभियान में इजराइली सेना ने फलस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। इजराइली सेना और लेबनान की मीडिया ने यह जानकारी दी। लेबनान की मीडिया के मुताबिक गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का संबंध एक स्थानीय सुन्नी इस्लामिक समूह से भी था। इजराइली सेना पूछताछ के लिए उसे इजराइल ले गई। इजराइली ड्रोन ने कार पर हमला किया था।

पैकेज से सेशेल्स के विकास को मिलेगी मजबूती

## सेशेल्स के लिए भारत ने दिखाया बड़ा दिल 17.5 करोड़ डॉलर के 'पैकेज' का ऐलान

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सेशेल्स के लिए 175 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक स्पेशल इकोनॉमिक पैकेज की घोषणा की, ताकि सोशल हाउसिंग, ई-मोबिलिटी, वोकेशनल ट्रेनिंग, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह ऐलान दिल्ली में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों का एक मजबूत स्तंभ रहा है, जिसमें सभी पहल सेशेल्स की प्राथमिकताओं और जरूरतों के हिसाब से हैं। उन्होंने कहा कि यह विशेष आर्थिक पैकेज ठोस, लोगों पर केंद्रित प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट करेगा और रोजगार और स्किल-ट्रेनिंग के मौके पैदा करेगा, खासकर सेशेल्स के युवाओं के लिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति हर्मिनी की यह यात्रा एक महत्वपूर्ण समय पर हो रही है, क्योंकि भारत और सेशेल्स अपने राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे कर रहे हैं, और उन्होंने विश्वास जताया कि यह मील का पत्थर दोनों देशों को अपनी साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरित करेगा। हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, आज हम 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का एक विशेष आर्थिक पैकेज घोषित करने जा रहे हैं। दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स न केवल कूटनीति से, बल्कि हिंद महासागर से भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार बढ़ा है, संस्कृतियां मिली हैं, और साझा इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण के कारण समय के साथ संबंध मजबूत हुए हैं।

**पीएम मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ व्यापक बातचीत की जिसके बाद भारत ने सहायता के रूप में 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की**

भारत-सेशेल्स के राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे

दोनों देशों में समय के साथ संबंध मजबूत हुए हैं

### दोनों देशों का रिश्ता जमीन से समुद्र तक



दोनों देशों के लोगों के संबंधों पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सेशेल्स में भारतीय समुदाय ने देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, साथ ही पीढ़ियों से द्विपक्षीय संबंधों को भी मजबूत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक विश्वसनीय समुद्री पड़ोसी और भारत के महासागर विजन के एक अभिन्न अंग के रूप में सेशेल्स के महत्व पर भी जोर दिया, और कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग जमीन, पानी और समुद्र तक फैला हुआ है।

### राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा

राष्ट्रपति हर्मिनी रविवार को चेन्नई और मुंबई में अपने कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद नई दिल्ली पहुंचे। अक्टूबर 2025 में पद संभालने के बाद यह उनकी भारत की पहली यात्रा है और यह दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती के साथ हो रही है।

### मुंबई और चेन्नई में निवेश पर चर्चा

राष्ट्रपति हर्मिनी का यह दौरा केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि पूरी तरह से बिजनेस सेंट्रिक भी रहा है। दिल्ली पहुंचने से पहले उन्होंने चेन्नई और मुंबई में समय बिताया, जहां उन्होंने गवर्नेंस, इंडस्ट्री और कोस्टल मैनेजमेंट से जुड़े प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के साथ मुलाकात की। पिछले साल अक्तूबर में पदभार संभालने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है, जो पांच दिनों तक चलेगा। रविवार को दिल्ली पहुंचने पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया था और सोमवार को उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

### हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बातचीत

इससे पहले, दोनों नेताओं ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बातचीत की। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति हर्मिनी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी। वहीं एक्स पर जानकारी साझा करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि महात्मा गांधी के सिद्धांत भारत-सेशेल्स साझेदारी का मार्गदर्शन और प्रेरणा देते रहेंगे।

### विजन 'सागर' और रणनीतिक महत्व

बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी मौजूद रहे। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के 'विजन सागर' का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। राष्ट्रपति हर्मिनी के साथ बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि एक समुद्री पड़ोसी के रूप में, सेशेल्स का समर्थन इस क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा के लिए बेहद मूल्यवान है।

कयासों के बीच विदेश सचिव ने स्पष्ट किया भारत का रुख

## तेल की खरीद को लेकर किसी एक के भरोसे नहीं भारतः मिस्त्री

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



बीते दिनों भारत-अमेरिका के बीच हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का मुख्य आधार माने जाने वाले निर्णय यानी भारत द्वारा रूस से सस्ते दाम पर की जा रही तेल की खरीद पर पूरी तरह से रोक लगाने को लेकर जारी चर्चाओं और कयासों के बीच सोमवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने मामले पर देश की स्थिति को पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है। जिसमें उन्होंने रूस का नाम लिए बगैर कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की खरीद को लेकर किसी एक के भरोसे पर नहीं है।

बल्कि हम दर्जनों देशों से तेल की खरीद कर रहे हैं। किसी एक देश या स्रोत पर हमारी निर्भरता नहीं है, न ही हमारा ऐसा कोई इरादा है। इस मामले में भारत के राष्ट्रीय हित यानी हमारे घरेलू उपभोक्ताओं की ऊर्जा आवश्यकताओं की हर हाल में पूर्ति करना ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। व्यावसायिक पक्ष जैसे तेल कंपनियां लें। उसके केंद्र में राष्ट्रीय हित ही हमेशा शीर्ष में रहेंगे। हमारा डेटा मेरे इस कथन की पुष्टि करता है। हमारी सोच व रणनीति मामले में वैश्विक बाजारों के आकलन और स्थिरता के पक्ष को ध्यान में रखते हुए कई विकल्पों या स्रोतों को बनाए रखने की रही है। यह जानकारी विदेश सचिव ने भारत-सेशेल्स के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक के बाद आयोजित किए गए विशेष संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में दी है।

### भरोसेमंद आपूर्ति पर देते ध्यान

विदेश सचिव ने कहा कि भारत की तेल आयात नीति साफ-सुथरी कीमत और भरोसेमंद सप्लाई जैसे तमाम उद्देश्यों से जुड़ी हुई है।

### ऊर्जा का सबसे बड़ा आयातक भारत

भारत तेल और ऊर्जा क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा आयातक देश है। हम एक विकासशील अर्थव्यवस्था भी हैं, जिसके तहत हमें अपने संसाधनों की उपलब्धता को लेकर भी जागरूक होना ही चाहिए। वर्तमान में भारत 80 से 85 फीसदी तक इस संबंध में आयातित संसाधनों पर ही निर्भर है। इतने बड़े पैमाने पर तेल आयात पर निर्भरता के चलते आयात लागत से उत्पन्न महंगाई की चिंता बने रहना स्वाभाविक है। लेकिन हमारी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की तेल कंपनियां वैश्विक बाजार में मौजूद उपलब्धता, जोखिम, साथ ही जवाबदेही और वित्तीय-लॉजिस्टिक सहित अन्य जटिल पहलुओं को भी ध्यान में रखती हैं।

रक्षा मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक से निकला ये अहम निष्कर्ष

## भारत-ग्रीस बनाएंगे रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत, संयुक्त घोषणापत्र पर किए हस्ताक्षर

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारत और ग्रीस (हेलेनिक गणराज्य) के रक्षा मंत्रियों के बीच सोमवार को राजधानी में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूती प्रदान करने के लिए एक संयुक्त आशय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। साथ ही द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना 2026 का आदान-प्रदान किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि इस बैठक में भारत की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके ग्रीस के समकक्ष यानी रक्षा मंत्री निकोलाओस-जॉर्जियोस डेंडियास शामिल हुए।

### घोषणापत्र के खास बिंदु

मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच जिस संयुक्त आशय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उसमें भारत के आत्मनिर्भर भारत और एजेंडा 2030 के तहत ग्रीस के रक्षा सुधारों के मध्य साझेदारी के जरिए अपने-अपने स्वदेशी रक्षा उद्योगों की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। ये घोषणापत्र पंचवर्षीय रोडमैप तैयार करने का एक प्रारंभिक बिंदु है। दोनों शीर्ष मंत्रियों ने रणनीतिक साझेदारी को शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और पारस्परिक सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित होने की बात दोहराई है।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

दोनों पक्षों की बातचीत में क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा जैसे तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और रणनीतिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर भी सहमति जताई गई है। 2026 के लिए जिस द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना का आदान-प्रदान किया गया है। उसमें दोनों देशों के सैन्य बलों के बीच गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके अलावा प्रमुख समुद्री मुद्दों पर सहयोग को लेकर भी बैठक में सहमति का उल्लेख किया गया है। ग्रीस की ओर से गुरुग्राम स्थित सूचना संलयन केंद्र-आईओआर में एक ग्रीक अंतरराष्ट्रीय संपर्क अधिकारी की नियुक्ति की घोषणा की गई है।

वाटसएप-मेटा गोपनीयता नीति मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 23 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वाटसएप-मेटा गोपनीयता नीति मामले की सुनवाई 23 फरवरी, 2026 तक के लिए स्थगित कर दी। यह मामला सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। पीठ के समक्ष मौखिक सुनवाई के दौरान, एक वकील ने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल अस्वस्थ हैं और उन्होंने पीठ से मामले को स्थगित करने का अनुरोध किया। भारत में मेटा और वॉटसएप को न्यायिक अल्टीमेटम का सामना क्यों करना पड़ रहा है? सुप्रीम कोर्ट तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों मेटा प्लेटफॉर्म्स और वाटसएप की उन अपीलों पर सुनवाई कर रहा है, जिनमें सीसीआई के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें उनकी गोपनीयता नीति को लेकर उन पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। 3 फरवरी, 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म कंपनी मेटा को भारत में लाखों मूक उपभोक्ताओं" के निजता के अधिकार का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देगा।

एपस्टीन फाइल्स-10 देशों में इस्तीफे, 80 लोगों की जांच

## यूएस से यूरोप तक असर, राजनेताओं और अरबपतियों, शाही परिवारों तक पहुंची जांच

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं।

इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है। एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है। सबसे ज्यादा ब्रिटेन में 3 अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा। पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन, सलाहकार एडम पेरी और पीएम कीर स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में पूर्व विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीरोस्लाव लाइचाक ने 300 से अधिक ईमेल और आपत्तिजनक चैट सामने आने पर इस्तीफा दिया। स्वीडन की सीनियर डिप्लोमेट जोआना रुबिनस्टीन ने पद छोड़ा। नॉर्वे की राजदूत मोना जूल, अमेरिका में लेबर मिनिस्टर एलेक्स एकोस्टा और एमआईटी लैब प्रमुख जोइची इतो ने इस्तीफा दिया। एपस्टीन फाइल्स कई देशों की सरकारों के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक शर्मिंदगी का कारण बन गईं। सरकारों ने जांच के आदेश दिए हैं। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर को माफी मांगनी पड़ी, जबकि प्रिंस एंड्रयू के खिलाफ ब्रिटिश पुलिस ने नई फाइलों के आधार पर 'फ्रेश रिव्यू' शुरू किया। नॉर्वे में राजदूत मोना जुएल को निलंबित किया गया और पूर्व पीएम थोरबजॉर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार जांच शुरू हुई। सीनियर डिप्लोमेट तेर्जे रोड-लार्सन पर भी जांच चल रही है। फ्रांस में पूर्व मंत्री जैक लैंग को आधिकारिक समन जारी हुआ।

## ऑल इंडिया महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में यूपी पुलिस बनी विजेता

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह



निगोहां। अरुणाभ फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया प्रतियोगिता में देश भर की दिग्गज टीमों–यूपीपी हरियाणा राजस्थान, वाराणसी बंगाल आरपीपीएस बिहार और गाजियाबाद की खिलाड़ियों ने शानदार खेल क्षमता और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम का संचालन अरुणाभ फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप द्विवेदी के नेतृत्व में प्रयासों से महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक सशक्त मंच मिला प्रतियोगिता मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जलशक्ति मंत्री डॉ.महेंद्र सिंह राज्यमंत्री दानिश अंसारी (अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज) तथा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी मौजूद रहे। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नारी शक्ति को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संदेश दिया फाइनल मुकाबला उत्तर प्रदेश पुलिस और हरियाणा के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में पहला सेट हरियाणा ने 25-18 से जीता दूसरे सेट में उत्तर प्रदेश पुलिस ने वापसी करते हुए 25-21 से जीत दर्ज की। निर्णायक तीसरे सेट में भी यूपी पुलिस ने 25-16 से शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम कर लिया अंत में अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया खेल मैदान में हर टीम का जज्बा और अनुशासन दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा आयोजन की सफलता पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों ने अरुणाभ फाउंडेशन की सराहना की

## नारेडको यूपी आयोजित अवसंरचना निवेश में नई दिल्ली में करेगा सक्रिय सहभागिता

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। उत्तर प्रदेश का रियल एस्टेट क्षेत्र बड़े पैमाने पर हो रहे अवसंरचना निवेश बेहतर कनेक्टिविटी और तेजी से विकसित हो रहे शहरी केंद्रों के चलते निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा इसी प्रगति को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से नारेडको उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में 13 और 14 फरवरी को नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित राष्ट्रीय शहरी एवं रियल एस्टेट विकास सम्मेलन में सक्रिय सहभागिता की जाएगी यह जानकारी राष्ट्रीय शहरी एवं रियल एस्टेट परिषद के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.अजय पाण्डेय ह्यसत्यमह्ण ने दी उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश अपनी शहरी विकास यात्रा निवेश की संभावनाओं अवसंरचना विस्तार किफायती आवास सतत विकास और तकनीक आधारित प्रशासनिक सुधारों का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत करेगा। डॉ. अजय पाण्डेय ह्यसत्यमह्ण ने कहा कि राज्य में एक्सप्रेसवे नेटवर्क मेट्रो परियोजनाएं एयरपोर्ट विस्तार औद्योगिक कॉरिडोर और स्मार्ट सिटी योजनाओं ने शहरी परिदृश्य को नई दिशा दी इन परियोजनाओं के चलते आवासीय वाणिज्यिक और औद्योगिक विकास को तेज गति मिली जिससे उत्तर प्रदेश आज देश के अग्रणी रियल एस्टेट निवेश केंद्रों में शामिल हो रहा उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट रेंटल हाउसिंग पुनर्विकास परियोजनाएं डिजिटलाइजेशन हरित एवं सतत निर्माण किफायती आवास समाधान तथा निवेश प्रोत्साहन नीतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक मंथन होगा इससे उद्योग सरकार और निवेशकों के बीच आपसी सहयोग और मजबूत होगा। नारेडको उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष आदित्य शुक्ला ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी पारदर्शी नीतियों और नियामक सुधारों के कारण उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक गंतव्य बन चुका वहीं नारेडको के चेयरमैन डॉ. निरंजन हिरानंदानी ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र आज भारत की आर्थिक प्रगति का मजबूत आधार और ऐसे सम्मेलन भविष्य के शहरी विकास को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होते डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम ने अंत में कहा कि यह सम्मेलन उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर एक उभरते रियल एस्टेट हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और राज्य के समग्र विकास को नई गति प्रदान करेगा।

## कानपुर रोड पर सर्विस रोड की मरम्मत के चलते बीते दो दिनों से लगा भीषण जाम

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में कानपुर रोड पर सैनिक स्कूल के सामने सर्विस रोड की मरम्मत के चलते बीते दो दिनों से भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। सोमवार को हालात और ज्यादा खराब हो गए, जब जाम स्कूटर इंडिया चौराहे तक पहुंच गया। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे जाम में नौकरीपेशा लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चे और एम्बुलेंस तक फंसी रहीं। सुबह करीब साढ़े सात बजे लगा जाम दोपहर लगभग एक बजे जाकर खुल सका। उल्लेखनीय है कि पीएनसी द्वारा लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड रोड का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में सैनिक स्कूल के सामने ओवरब्रिज की सर्विस रोड का निर्माण लगभग एक माह पूर्व कराया गया था। आरोप है कि घटिया निर्माण के कारण कानपुर से लखनऊ जाने वाली पटरी की सर्विस रोड क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे करीब सौ मीटर के दायरे में दर्जनों गड्ढे हो गए। इससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को देखते हुए पीएनसी ने रविवार से मरम्मत कार्य शुरू किया। हालांकि मरम्मत के दौरान सड़क पर एक समय में केवल एक वाहन निकलने की व्यवस्था की गई, जिससे सुबह के समय वाहनों की लंबी कतार लग गई। रविवार को सुबह सात से 11 बजे तक जाम रहा, जबकि सोमवार को कई घंटों तक यातायात ठप रहा। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने पीएनसी अधिकारियों से मरम्मत कार्य सुबह के बजाय दोपहर में कराने का अनुरोध किया था, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। अधिकारियों की अनदेखी के चलते स्थानीय लोगों और राहगीरों को लगातार जाम की परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## जमीन की अवैध बिक्री पर लाखो की धोखाधड़ी का आरोप.......

### स्वास्तिक मल्टीट्रेड प्रा.लि. के अधिकृत हस्ताक्षरी ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार.......

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील के उपनिबंधक कार्यालय में पंजीकृत इकरारनामा होने के बावजूद जमीन को दूसरे पक्ष को बेच दिए जाने का आरोप लगाया गया इस मामले में गोमतीनगर स्थित स्वास्तिक मल्टीट्रेड प्रा.लि. के अधिकृत हस्ताक्षरी विवेक सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके साथ 19 लाख 26 हजार रुपये की ठगी की गई पीड़ित विवेक सिंह के अनुसार बीते14अगस्त 2025 को कम्पनी ने मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के सिठौली कला गांव में स्थित कुल 1.693 हेक्टेयर भूमि में से 1.07444 हेक्टेयर भूमि के क्रय-विक्रय के लिए नन्हा पुत्र नग्घा, निवास नेवल खेड़ा से पंजीकृत विक्रय अनुबंध कराया था। इकरारनामा के अनुसार भूमि का कुल विक्रय मूल्य 55 लाख रुपये तय हुआ जिसके सापेक्ष नन्हा द्वारा 19 लाख 26 हजार रुपये बतौर अग्रिम बयाना राशि प्राप्त कर ली गई यह इकरारनामा उपनिबंधक कार्यालय मोहनलालगंज में विधिवत पंजीकृत पीड़ित का कहना है कि इकरारकर्ता नन्हा ने स्वयं को अनुसूचित जाति का सदस्य बताते हुए यह भी उल्लेख किया था कि उक्त भूमि से संबंधित एक वाद नायब तहसीलदार गोसाईगंज, तहसील मोहनलालगंज के न्यायालय में विचाराधीन इसी आधार पर दोनों पक्षों में यह सहमति बनी थी कि वाद के निस्तारण और सक्षम अधिकारी से विक्रय अनुमति प्राप्त होने के पश्चात दो माह भीतर स्वास्तिक मल्टीट्रेड प्रा.लि. या उसके नामित व्यक्ति के पक्ष में बैनामा किया जाएगा आरोप है कि इसके बावजूद नन्हा पुत्र नग्घा ने विश्राम नंगू अखण्ड प्रताप सिंह एवं रनंजय प्रताप सिंह के साथ मिलकर साजिशन ढंग से पंजीकृत इकरारनामा के तथ्यों को छिपाया और बीते 18 नवंबर 2025 को उक्त भूमि का विक्रय विलेख अन्य व्यक्तियों के पक्ष में निष्पादित करा दिया पीड़ित विवेक सिंह का कहना है कि यह पूरा कृत्य अग्रिम बयाना राशि हड़पने की नीयत से किया गया जो स्पष्ट रूप से छल कपट और धोखाधड़ी की श्रेणी में आता उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने अवैध बैनामा निरस्त कराने तथा अग्रिम धनराशि की वापसी की मांग की वही इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर दक्षिणी डीसीपी निपुण अग्रवाल के निर्देशन पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही इस मामले को लेकर क्षेत्र में चचाओं का दौर तेज स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन सख्त कार्रवाई नहीं करता तो इस तरह के भूमि विवाद और धोखाधड़ी के मामले और बढ़ सकते अब देखना यह होगा कि प्रशासन और न्यायिक तंत्र इस कथित भूमि घोटाले पर क्या ठोस कदम उठाता और पीड़ित को न्याय कब तक मिलता है।

## एयरपोर्ट पर यात्री के पास से 2.05 करोड़ रुपये का गांजा बरामद

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने खुफिया सूचना के आधार पर गांजा/मारिजुआना (हाइड्रोपोनिक वीड) की तस्करी का बड़ा मामला उजागर किया है। सीमा शुल्क विभाग ने बीतीरात बैंकॉक से लखनऊ आए एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 5.88 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2.05 करोड़ रुपये आंकी गई है। सीमा शुल्क आयुक्त मयंक शर्मा ने बताया कि बैंकॉक से रात 11 बजे लखनऊ पहुंचने वाली फ्लाइ दुबई की उड़ान (एफडी-146) रविवार रात 12:15 बजे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर पहुंची। इस उड़ान के जरिए बैंकॉक से पहुंचे यात्री को संदेह के आधार पर रोका गया। जांच के दौरान उसके ट्रॉली बैग से आठ कुकी टिन बॉक्स बरामद हुए। प्रत्येक टिन बॉक्स के भीतर पॉलीथीन पाउच में पैक हरे रंग का वनस्पतीय पदार्थ मिला। फील्ड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट से जांच करने पर पदार्थ गांजा/मारिजुआना (हाइड्रोपोनिक वीड) पाया गया। बरामद नशीले पदार्थ का कुल वजन करीब 5.88 किलोग्राम निकला। आरोपी यात्री के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में न्यायालय के समक्ष पेश करने पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीमा शुल्क विभाग ने गांजा/मारिजुआना को पैकेजिंग सामग्री सहित एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## किसान क्रांति पदयात्रा का वृंदावन मैदान में भव्य समापन, आज होगी विशाल किसान महापंचायत

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।लखनऊ, भारतीय किसान यूनियन भानू गुट की ओर से आयोजित 10 दिवसीय किसान क्रांति पदयात्रा ने लखनऊ जनपद के समस्त तहसील, ब्लॉक और थाना क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए सोमवार को पीजीआई स्थित वृंदावन मैदान में प्रवेश कर भव्य रूप ले लिया। बीते 1 फरवरी को गोसाईगंज ब्लॉक से शुरू हुई इस पदयात्रा का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को गांव-गांव, क्षेत्र-क्षेत्र तक पहुंचाते हुए उन्हें एकजुट करना रहा ।सोमवार को पदयात्रा सदर तहसील से चलकर अर्जुनगंज, शहीदपथ और उतरेटिया होते हुए वृंदावन मैदान पहुंची। वृंदावन गेट के पास किसानों का बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया, जिससे पूरे इलाके में किसान एकता और उत्साह का वातावरण बन गया ।भारतीय किसान यूनियन भानू के नेता ऋषि मिश्रा ने बताया कि पदयात्रा का औपचारिक समापन मंगलवार 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे वृंदावन मैदान में आयोजित होने वाली विशाल किसान महापंचायत के साथ किया जाएगा। इस महापंचायत में हजारों किसान शामिल होकर अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर सरकार को सीधा संदेश देंगे।

उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा किसानों के हक, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। महापंचायत के दौरान किसान हितों से जुड़े अहम प्रस्ताव पारित किए जाएंगे और आगे की रणनीति तय की जाएगी ।पदयात्रा के स्वागत में राजू सिंघानिया, राहुल कुमार रावत, राहुल राय, के.डी. रावत, राजकमल, धीरज रावत, सद्दाम अली, नंदा रावत, प्रमोद रात, आयुष और अर्जुन रावत सहित बड़ी संख्या में किसान व स्थानीय लोग मौजूद रहे ।किसान नेताओं का कहना है कि लखनऊ के प्रत्येक तहसील, ब्लॉक और थाना क्षेत्र से होकर निकली यह पदयात्रा किसानों की आवाज को मजबूती देने में सफल रही है और आने वाले समय में यह आंदोलन और व्यापक रूप लेगा।

## शराब दुकान के खिलाफ किसानों का बड़ा आंदोलन

### (अनिश्चितकालीन धरना शुरू, गांव की शांति और महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा)

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज ।ब्लॉक गोसाईगंज अंतर्गत ग्राम पासिन ढकवा में स्थित शराब दुकान (लाइसेंस संख्या 30341) को बंद कराने की मांग को लेकर किसानों और ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यह आंदोलन भारतीय किसान यूनियन (संयुक्त मोर्चा) के नेतृत्व में चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकान खुलने के बाद से गांव का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है। शराब के नशे में धुत लोग राह चलते आम नागरिकों पर फब्तियां कसते हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि विद्यालय आने-जाने वाली छात्राओं पर अश्लील टिप्पणियां की जाती हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हाल ही में गांव में हुई संतराम रावत की हत्या के बाद हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह शराब की दुकान अब अपराध और असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बन चुकी है। धरना-प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष सरदार सिंह, जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंदन, राम सिंह प्रधान, सूरज प्रधान, राम सेवक, राजेंद्र, दयाराम यादव, सुनील यादव सहित बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।

## जाम से बेहाल मोहनलालगंज कस्बा

### व्यापारियों की गुहार, पुलिस से कई दौर की वार्ता के बाद भी समाधान नदारद.....

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में लगातार लग रहे भीषण जाम से आमजन के साथ-साथ व्यापारी वर्ग भी बुरी तरह परेशान जाम की समस्या को लेकर कस्बे के व्यापारियों ने कई बार पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता की लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी कस्बे के व्यापारी सुमित चौरसिया राम जी मिश्रा नवेंदु दीक्षित आदित्य त्रिवेदी सहित अन्य व्यापारियों ने बताया कि जाम से निजात पाने के लिए उन्होंने कई बार कस्बा पुलिस और उच्चाधिकारियों से बातचीत की मगर हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। उनका कहना है कि आए दिन लगने वाले जाम से न केवल आम लोगों को भारी परेशानी होती है, बल्कि कस्बे के व्यापार पर भी सीधा असर पड़ रहा व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम ने बताया कि जाम की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में जल्द सकारात्मक कदम उठने की उम्मीद उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा तहसील कार्यालय और उप निबंधक कार्यालय को शीघ्र ही दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा जिससे कस्बे में वाहनों का दबाव कम होगा और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आएगा ।उन्होंने यह भी बताया कि कस्बे में कार पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। तहसील में आने वाले अधिवक्ता और वादकारी दर्जनों की संख्या में अपनी कारें सड़क के किनारे गलत तरीके से खड़ी कर देते जिससे सड़क संकरी हो जाती है और जाम की स्थिति बन जाती व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने मांग की जब तक कार्यालयों का स्थानांतरण नहीं हो जाता तब तक अस्थायी रूप से ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाई जाए सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और कस्बे में एक व्यवस्थित पार्किंग स्थल विकसित किया जाए।

लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते ठोस कदम उठाए तो मोहनलालगंज कस्बे को जाम की गंभीर समस्या से राहत मिल सकती है।

## राज्यपाल के अभिभाषण से पूर्व हंगामा लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन : डॉ. राजेश्वर सिंह

### शोर–शराबा नहीं, तर्क और संवाद लोकतंत्र की पहचान : डॉ. राजेश्वर सिंह

### विधानसभा की गरिमा से समझौता जनता के विश्वास का अपमान : डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार से प्रारंभ हुआ, जिसमें 11 फरवरी को प्रदेश का बजट प्रस्तुत किया जाना है। सत्र केशुरू होने के साथ ही विपक्ष द्वारा हंगामा किया गया। राज्यपाल के अभिभाषण से पूर्व ही सपा विधायकों ने सदन में नारेबाजी करते हुए कार्यवाही को बाधित किया और योगी सरकार के विरुद्ध विरोध दर्ज कराया। इस घटनाक्रम पर सरोजनीनगर से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया माध्यमों के जरिए कहा कि विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दलों द्वारा किया गया व्यवधान निंदनीय है और यह लोकतांत्रिक मयार्दाओं के प्रतिकूल है। राज्यपाल का अभिभाषण एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसे बिना सुने बाधित करना संसदीय परंपराओं और लोकतंत्र की गरिमा को आघात पहुँचाता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने आगे कहा कि विरोध करना विपक्ष का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन यह विरोध शोर-शराबे, अव्यवस्था और सदन की कार्यवाही रोककर नहीं, बल्कि बहस, तर्क और तथ्यों के माध्यम से होना चाहिए। बिना सुने किया गया विरोध किसी भी दृष्टि से रचनात्मक राजनीति नहीं कहा जा सकता, बल्कि यह नकारात्मक सोच को दर्शाता है। डॉ. सिंह ने कहा कि विधानसभा जनता के करों से संचालित होने वाली सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है। इसकी कार्यवाही को बाधित करना करदाताओं की मेहनत की कमाई का दुरुपयोग और जनता के विश्वास का अपमान है। उन्होंने विपक्ष से सकारात्मक भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जिम्मेदार और रचनात्मक विपक्ष आवश्यक है, जो पहले सुने, फिर समझे और उसके बाद संवैधानिक मयार्दाओं के भीतर सरकार को चुनौती दे। हंगामे की राजनीति लोकतंत्र को सशक्त नहीं बनाती, बल्कि संवाद और सार्थक बहस ही लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति हैं।

## निगोहा पीएचसी बना संक्रमण का अड्डा, सड़क किनारे फेंका जा रहा मेडिकल कचरा, ग्रामीणों में भारी आक्रोश.......

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह





निगोहा। एक ओर सरकार स्वच्छ भारत अभियान और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दावे कर रही। वहीं दूसरी ओर निगोहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) खुद गंदगी और लापरवाही का प्रतीक बनता जा रहा अस्पताल से निकलने वाला मेडिकल कचरा खुलेआम गांव से गुजरने वाली सड़क के किनारे फेंका जा रहा जिससे न सिर्फ पर्यावरण दूषित हो रहा है बल्कि ग्रामीणों की सेहत पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा स्थानीय लोगों के अनुसार अस्पताल परिसर में कचरा निस्तारण के लिए न तो पर्याप्त डस्टबिन की व्यवस्था है और न ही बायो-मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण की कोई ठोस प्रणाली नतीजतन इंजेक्शन दवाइयों के रैपर पट्टियां सिरिंज और अन्य संक्रमण फैलाने वाला अपशिष्ट खुले में पड़ा रहता हवा चलते ही यह कचरा सड़क पर फैल जाता है और पूरे इलाके में दुर्गंध फैल जाती। वही ग्रामीण विकास सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा यह बेहद शर्मनाक है जो अस्पताल लोगों को बीमारी से बचाने के लिए बना वही बीमारी फैलाने का कारण बन रहा कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों और राहगीरों को उठानी पड़ रही सुबह के समय बच्चे नाक पर रुमाल रखकर इसी रास्ते से स्कूल जाने को मजबूर स्थानीय महिला निवासी सुनीता देवी ने बताया बच्चों को डर लगता कि बदबू इतनी तेज होती है कि सांस लेना मुश्किल हो जाता अगर यही हाल रहा तो कोई बड़ी बीमारी फैल सकती ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से लापरवाह बना हुआ और शासन के दिशा-निर्देशों की खुलेआम अनदेखी की जा रही बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों के तहत मेडिकल कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में सुरक्षित तरीके से निस्तारित किया जाना अनिवार्य है, लेकिन निगोहा पीएचसी में इन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं ।लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और संबंधित अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए दोषी कर्मचारियों व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने और कचरा निस्तारण की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित कराने की अपील की। आखिरकार कब जिम्मेदार अधिकारी जागेंगे कब निगोहां पीएचसी को गंदगी के इस दलदल से बाहर निकालने के लिए ठोस कदम उठाते या फिर ग्रामीणों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## एसीपी कोर्ट न होने पर भड़के अधिवक्ता, अनिश्चितकालीन धरना शुरू

### आज न्यायिक व रजिस्ट्री कार्य ठप, स्टांप वेंडर–टाइपिस्ट भी हड़ताल पर

अमन लेखनी समाचार




धरने पर बैठे अधिवक्ता – फोटो

लखनऊ। मलिहाबाद में एसीपी कोर्ट का संचालन शुरू न होने से नाराज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। आंदोलन के तहत मंगलवार को अधिवक्ता न्यायिक व रजिस्ट्री कार्य नहीं करेंगे। साथ ही बार एसोसिएशन ने स्टांप वेंडरों और टाइपिस्टों से भी कार्य बंद रखने का आह्वान किया है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सम्राट सिंह और महामंत्री कमलेश कुमार गौतम ने बताया कि शांति भंग से जुड़े मामलों के चालान करीब 35 किलोमीटर दूर स्थित एसीपी कोर्ट दुबग्गा भेजे जा रहे हैं। इससे अधिवक्ताओं के साथ-साथ आम लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मलिहाबाद में एसीपी कोर्ट की स्थापना को लेकर पिछले कई वर्षों से ज्ञापन दिए जा रहे हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। जब तक मलिहाबाद में एसीपी कोर्ट का संचालन शुरू नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## संक्षेप

### महिला ने पड़ोसी युवक पर गाली गलौज व जान से मारने का लगाया आरोप

पाटन, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव निधान खेड़ा निवासी गंगा दुलारी पत्नी बिंदा प्रसाद ने थाने में तहरीर देखकर आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी ने गाली गलौज मारपीट की गंगा दुलारी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 4 फरवरी को वह 4:00 बजे विद्यालय से एमडीएम बनाकर घर वापस आ रही थी। उसने अपने यू के लिपटस के पेड़ बेचे थे जिसको मजदूर काट रहे थे जैसे ही गांव के निकट पहुंची सिया दुलारी पत्नी फुल चंद्र, उनका लड़का रिंकू, गुड़िया रीता ने पेड़ बेचने से आक्रोशित होकर मारपीट करने लगे वही लड़के रिंकू ने जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध गाली-गलौज मारपीट धमकी का केस दर्ज किया गया है।

### वृद्ध ने निगला जहरीला पदार्थ इलाज के दौरान मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। घरेलू कलह के चलते एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इलाज के दौरान सोमवार शाम करीब चार बजे उनकी मौत हो गई। यह घटना बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के अटवा बैक गांव में रविवार रात करीब 10 बजे हुई थी। जानकारी के अनुसार, अटवा बैक गांव निवासी शंभू दयाल (65) पुत्र पराग ने अपने घर में जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। बताया जा रहा है कि घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य गांव में हो रही भागवत कथा सुनने गए हुए थे। जब शंभू दयाल का बेटा सुनील घर लौटा, तो उसने अपने पिता को बेसुध पाया और उनके मुंह से झाग निकल रहा था। सुनील ने तुरंत अपने पिता को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ रेफर किया गया था, लेकिन परिजन उन्हें उन्नाव ले गए। उन्नाव में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं दी गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि उन्हें किसी भी प्रकार की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यदि तहरीर मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

सफीपुर, उन्नाव। ससुराल से वापस घर जा रहे बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनो युवक घायल हो जिन्हें निकट के सीएचसी लाया गया जहां पर एक युवक की गंभीर हालत देखते डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया थाना औरास क्षेत्र के धरमऊ निवासी दीनाराम 20 वर्ष पुत्र निर्मल अपने गांव के ही सोनेलाल 19 वर्ष पुत्र अंकित अपनी ससुराल बाइक से गया था दोनो वापस घर जा रहे थे तभी थाना आसीवन क्षेत्र के रोलिया मुंडा के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने अंकित की गंभीर हालत देखते जिला अस्पताल भेज दिया।

# स्वच्छता अभियान की पोल खुली, सड़कों पर लगा कूड़े का ढेर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्वच्छ भारत मिशन को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकारें देशभर में बड़े-बड़े दावे कर रही हैं। अभियान के प्रचार-प्रसार पर अरबों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, ताकि शहरों और कस्बों को साफ-सुथरा बनाया जा सके। लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। नगर पालिका परिषद की लापरवाही के चलते नगर का प्रमुख मार्ग इन दिनों कूड़े के ढेर से पटा पड़ा है। जिससे स्वच्छता अभियान की पोल खुलती दिखाई दे रही है। नगर के हरदोई उन्नाव मार्ग से नौनिहालगंज बाजार, मुकरियाना, चौधराना, गुलाम मुस्तफा, किला शाह जी, हटिया और दरगाह शरीफ तक जाने वाले प्रमुख मुख्य मार्ग पर लंबे समय से कूड़ा जमा है। समय पर कूड़ा न उठाए जाने के कारण यहां दुर्गंध फैल रही है। इस मार्ग



से रोजाना स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और व्यापारी समेत हजारों नागरिक हैं। बदबू के कारण राहगीरों का इस मार्ग से निकलना दूभर हो गया है। कई लोग नाक ढककर निकलने को मजबूर हैं, तो कई वैकल्पिक रास्तों का सहारा ले रहे हैं। नगर निवासी अधिवक्ता रामपाल यादव, चौधरी सुरेश सिंह, ताजुद्दीन अंसारी, वीरेंद्र सिंह व फैसल बिलाल आदि नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत की। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि कूड़ा उठाने वाली गाड़ी नियमित नहीं आती और सफाई कर्मी भी कभी-कभार ही दिखाई देते हैं। कूड़ा सड़ने से मच्छर और मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि इस मार्ग पर गंदगी के कारण ग्राहकों की आवाजाही भी कम हो रही है। जिससे उनके व्यापार पर असर पड़ रहा है। नागरिकों ने नगर पालिका परिषद से शीघ्र सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और नियमित रूप से कूड़ा उठवाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी गुंजन गुप्ता ने कहा कि यदि नागरिकों की शिकायत सही पाई जाती है तो जिम्मेदार सफाई कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## मंदिर के पुजारी ने गाली गलौज की शिकायत पुलिस से की

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के नौनिहालगंज बाजार स्थित हनुमान मंदिर में आरती के दौरान हंगामा हो गया। नशे में धुत पिता पुत्र ने मंदिर के पुजारी के साथ गाली गलौज की तथा उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। नगर के मोहल्ला भटपुरी निवासी सतीश शुक्ला पुत्र जागेश्वर शुक्ला हनुमान मंदिर के पुजारी हैं। गत रविवार को वह मंदिर में आरती करा रहे थे। उनके साथ नगर निवासी श्याम सैनी भी मौजूद थे। आरती में शामिल श्रद्धालु मंदिर के बाहर खड़े थे और मंदिर के पास ही उनकी बाइकें भी खड़ी थीं। इसी दौरान मोहल्ला गढ़ी निवासी विद्यासागर अपने पुत्र के साथ नशे की हालत में मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और श्रद्धालुओं के बीच से बाइक निकालने का प्रयास करने लगा। पुजारी द्वारा मना करने पर दोनों ने पुजारी सतीश शुक्ला के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने व पेट्रोल से जलाने की धमकी दी। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। श्रद्धालुओं ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पुजारी सतीश शुक्ला ने घटना की तहरीर कोतवाली में देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई

# डे नाइट बालीबाल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के कस्बा बिहार में आयोजित प्रांतीय स्तर की डे नाइट वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में एक्सना क्लब रायबरेली ने करकशा रायबरेली को पराजित कर कप पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उपविजेता टीम को भाजपा नेता अविचल शुक्ला ने 21हजार व 15 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया।

मुख्य अतिथि शुक्ल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से गांव में छपी प्रतिभा निखरेगी। प्रतियोगिता की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है

बाबा गौरी शंकर वाली बाल प्रतियोगिता में कई टीमों ने भाग लिया। कड़े संघर्ष के बाद कर्कसा रायबरेली, महा राणा प्रताप एकेडमी लखनऊ , बाराबंकी ,एक्सना क्लब रायबरेली की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची। सेमीफाइनल में कड़े संघर्ष के बाद एक्शना क्लब राय बरेली एवं कर्कसा रायबरेली की टीमें फाइनल में पहुंची। प्रतियोगिता का फाइनल मैच उक्त दोनों के बीच खेला गया। जिसमें एक्सना क्लब की टीम ने कर्कसा को दो सेट लगातार 21 - 17व 21-18 से पराजित कर विजेता बनी। आयोजकों ने सयुक्त रूप से विजेता टीम के कप्तान आदित्य व उपविजेता टीम कप्तान प्रदीप सिंह को कप प्रदान किया। संयोजक राज कुमार मिश्रा ने आये हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता का संचालन चंद्रेश सिंह एवं संतोष त्रिपाठी ने किया।

इस मौके पर मौजूद प्रमुख लोगों में जीतेन्द्र सिंह ,दिनेश दीक्षित , रजनी कांत तिवारी ,श्यामू पंडित , सुरेंद्र शुक्ला, सजल मिश्र ,शानू बाजपेई , बच्चा हलवाई , हिमांशु मिश्रा , अवधेश गुप्ता ,पुत्तन तिवारी, अजय मिश्रा , राहुल बाजपेई, शुभम द्विवेदी ,पंकज कुमार दयाराम सोनी आदि मौजूद रहे

# अज्ञात वाहन की टक्कर से सेवानिवृत्त फौजी की मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर हसनगंज कस्बे के बाहर सोमवार सुबह पांच बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से सेवानिवृत्त फौजी की मौत हो गई। मृतक सुबह पांच बजे पैदल टहलने के लिए निकला ही था तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन टक्कर मार कर भाग निकला, कोतवाली क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी संजीवन सिंह (50) वर्ष सेवानिवृत्त फौजी का शव सड़क किनारे झाड़ियों में सोमवार सुबह नौ बजे खून से लथपथ पड़ा देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी ,घटना स्थल कर पुलिस ने पहुंच कर घायल को सीएचसी लेकर गई। जहा डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े बेटे तेज बहादुर सिंह ने बताया कि उनके पिता सोमवार सुबह करीब पांच बजे टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान हसनगंज डिग्री कॉलेज के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह उछलकर सड़क किनारे झाड़ियों में औंधे मुंह गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के एक बेटा तेज बहादुर, दो बेटी मोनिका व लक्ष्मी , पत्नी रानी रो-रोकर बेहाल हो गई। मृतक संजीवन सिंह वर्ष 2021 में पंजाब भटिंडा से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद परिवार के भरण-पोषण के लिए वह हसनगंज पावर हाउस में एक साल पहले सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे। जहा रविवार सुबह ड्यूटी पर गए थे,कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जाएगी।

# बीमारी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार की रात गभींर बीमारी से पीड़ित युवक ने गांव से दूर आम के बगीचे में रस्सी का फंदा बना कर फासी लगा ली सोमवार ग्रामीणों ने शव लटकते देख परिजनों को सूचना दी रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा परिजनों ने किसी तरह की कार्रवाई से इंकार कर दिया जिस पर पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया मृतक का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। आसीवन तरफ कादिर पुर गांव निवासी अरविंद कुमार पुत्र हरिश्चंद्र 40 हेपेटाइटिस बी पाजिटिव था जिसका एक अस्पताल में इलाज भी चल रहा था एक सप्ताह से वह काफी तनाव में चल रहा था रविवार की देर रात परिजनों के सो जाने पर वह घर से निकल गया और मुजफ्फरपुर सर्रा गांव निवासी बैजू तिवारी के बगीचे में रस्सी का फंदा बना कर फासी लगा ली सुबह परिजनों ने गायब देखा तो इधर-उधर जानकारी की इसी बीच उधर से गुजर रहे किसानों ने बगीचे में शव लटकते देख मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी जिस पर रोते बिलखते परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी लेकिन पीएम कराने से मना कर दिया जिस पर पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया मृतक खेती किसानी के साथ ई रिक्शा चलाता था तीन बेटियाँ ईशा, सोनाली और रुही है पत्नी शशी पति की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने पीएम कराने से मना कर दिया जिस पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## पुलिया से टकराया बाइक सवार युवक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। घर से बाइक द्वारा निकाले युवक की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जहां परिजन सी एचसी ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

कोतवाली क्षेत्र के गांव चेतरा निवासी सुशील का 20 वर्षीय बेटा राज रविवार शाम लगभग सात बजे बाइक से खेत में फसल देखने जा रहाथा तभी गांव के पास स्थित पुलिया के पास बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। जिससे राज सड़क पर गिरकर घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। राज की मौत से मां ललिता, भाई दीपक बेहाल रहे।

# 21 कुंडीय राम महायज्ञ का किया गया शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। तहसील के दरिहट गांव में 21 कुंडीय राम महायज्ञ का शुभारंभ धूमधाम से कलश यात्रा निकाल कर किया गया। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ सैकड़ों भक्त सिर पर कलश रख कर मुंडा बाबा मंदिर परिसर से निकलकर गांव की गलियों से होते हुए सईं नदी तट पर पहुंचे। जहां वृंदावन से आए कथावाचक रवि शंकर तिवारी, दिव्यांश तिवारी ने शिव और हनुमान जी के मंदिर में पूजा अर्चना करवाने के बाद यात्रा यज्ञशाला स्थल पर वापस लौट कर कलश स्थापना कर यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस दौरान भक्त झूमते तथा जयकारे लगाते रहे। इस अवसर पर आयोजक मोहित दीक्षितउमेश, अतुल सहित सैकड़ों महिला,पुरुष भक्त मौजूद रहे।

# अज्ञात महिला का नाले में मिला शव मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के ब्लॉक रोड स्थित शांति मील मैदान के पास सोमवार रात एक अज्ञात महिला का शव नाले में मिला। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस अब शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। यह खबर नगर में फैलते ही देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। बताया जा रहा है कि शव लगभग चार दिन पुराना था, जिससे तेज दुर्गंध आ रही थी। राहगीरों ने दुर्गंध आने के बाद नाले में शव पड़ा देखा और स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। शव को नाले से बाहर निकालने के लिए पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। काफी प्रयासों के बाद नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। काफी देर तक शव को बाहर निकालने में हो रही देरी को देखते हुए चौकी प्रभारी न्यूटन सिंह ने अपने कपड़े उतारे और अकेले ही नाले में उतर गए। उन्होंने अकेले ही शव को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग तमाशबीन बने खड़े रहे, यहां तक कि मौके पर मौजूद दर्जनों पुलिसकर्मी भी सिर्फ देखते रहे। दरोगा न्यूटन सिंह की इस कार्यशैली की लोगों ने जमकर प्रशंसा की।

## पारिवारिक विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार के कस्बा भगवंतनगर में पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षो में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गयी। दोनो ही पक्षो द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कस्बा भगवंतनगर वार्ड नं 9 निवासिनी सुनीता बाजपेयी ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसका को देवर लाला शिवमाधव बाजपेयी गाली दे रहा था मना करने पर उसकी पत्नी प्रीती उर्फ सोनू ने लोटो व ईट से मेरे सिर पर मारा जिससे मेरे सर, आंख व शरीर मे गंभीर चोटें आई है जबकि दूसरी तरफ प्रीती बाजपेयी ने आरोप लगाया की मेरी जिठानी सुनीता देवी पत्नी हरिमाधव ने उस समय मुझको मारा पीटा जब मैं मंदिर गयी थी।

थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया दोनो पक्षो में मारपीट हुई है। दोनो ही पक्षो के चार लोगों का मेडिकल करा सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# लगाया गया हाईट गेज नहीं निकल पाएंगे भारी ओवर लोड वाहन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। अजगैन-मोहान मार्ग पर ओवरलोड वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सोमवार को नवई गांव के पास हाईट गेज लगवा दिया। हाईट गेज लगने के बाद ओवरलोड और भारी वाहनों का इस मार्ग से आवागमन बंद हो गया है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। अजगैन-मोहान 19 किलोमीटर लंबे मार्ग पर नवई गांव के पास जेसीबी की मदद से हाईट गेज लग गया। इससे पहले नवाबगंज, लखनापुर और नवई गांवों से होकर मौरंग लदे भारी वाहन लखनऊ सहित अन्य जनपदों की ओर गुजरते थे। भारी और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही के चलते आए दिन हादसे हो रहे थे, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना रहता था। बीते 10 जनवरी को एसडीएम प्रज्ञा पांडेय और क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया ने मौके पर पहुंचकर



हाईट गेज लगाए जाने के लिए स्थान चिह्नित किया था। इसके बाद सोमवार को हाईट गेज लगते ही ओवरलोड वाहनों का आवागमन पूरी तरह रुक गया। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों की वजह से सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही थीं और संकरे मार्गों पर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। हाईट गेज लगने से अब क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ेगी और सड़कें भी सुरक्षित रहेंगी। क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया ने बताया कि नवई गांव के पास हाईट गेज लगवा दिया गया है। इससे भारी और ओवरलोड वाहनों के प्रवेश पर रोक लगेगी तथा दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

# बाइक सवार युवक को लोडर ने मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊझ्रआगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन पर ताला सराय गांव के पास सोमवार शाम तीन बजे तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सर्विस लाइन पर जाम लगा दिया, जिससे करीब आधे घंटे तक जाम की स्थित बनी रही। पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के ताला सराय गांव निवासी रिंकू कोरी (28) पुत्र विजय कोरी सोमवार शाम तीन बजे बाइक से शाहपुर तोंदा बाजार जा रहा था। इसी दौरान औरास की ओर से आ रहे तेज रफ्तार लोडर ने उनकी बाइक टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने लोडर व चालक को पकड़ लिया। युवक की मौत की सूचना पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सर्विस लाइन पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया। इस दौरान आधे घंटे तक जाम लगा रहा। मृतक की शादी चार वर्ष पहले हुई थी। उसके दो वर्षीय बेटी खुशबू है। पत्नी अंजू, मां राजरानी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक तीन भाइयों में मंझला था, बड़ा भाई पिंटू जबकि छोटा भाई रामबाबू अविवाहित है। कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि बाइक सवार युवक की लोडर की टक्कर से मौत हुई है। परिजनों की ओर से अभी तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। लोडर को पकड़ लिया गया है।

# अनियंत्रित लोडर ने मजदूर को मारी टक्कर हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के मिर्री चौराहा पर हुए एक सड़क हादसे में 53 वर्षीय मजदूर रमाकांत की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब एक छोटे हाथी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। परिजनों ने वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। मृतक की पहचान पुरवा थाना क्षेत्र के टिकरकला निवासी रमाकांत पुत्र शिवप्रसाद के रूप में हुई है। रमाकांत पल्लेदारी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी मंजू देवी और एक बेटा नितिन पाल हैं। जानकारी के अनुसार, यह हादसा मिरी चौराहा पर उस समय हुआ जब रमाकांत सड़क किनारे खड़े थे। तभी सामने से आ रहे एक छोटे हाथी वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रमाकांत गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के समय मौके पर मौजूद सोहन लाल ने तत्काल रमाकांत के भाई श्रीराम को हादसे की सूचना दी। परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल रमाकांत को पहले पुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। रमाकांत की मौत के बाद परिवार में शोक का माहौल है। परिजनों ने बताया कि रमाकांत ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, और उनकी मृत्यु से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने छोटे हाथी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता व मुआवजा दिए जाने की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुरवा थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वाहन की पहचान कर चालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## ई रिक्शा तथा बाइक भिड़ंत में पीआरडी जवान हुआ शहीद

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छिउलहा रोड गैस एजेंसी के समीप एक ई रिक्शा तथा मोटरसाइकिल में आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई आपस में टकरा जाने के बाद मोटरसाइकिल में सवार पीआरडी जवान की मौके पर ही मौत हो गई हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई जहां सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी हुसैनगंज ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मिली जानकारी के अनुसार हुसैनगंज कस्बे के छेउका निवासी धर्मेंद्र सिंह पीआरडी जवान के पद पर रहते हुए हथगांव थाना क्षेत्र के छिवलहा चौकी में कार्यरत थे दैनिक ड्यूटी के पश्चात वह अपने घर मोटरसाइकिल से वापस जा रहे थे जहां छिउलहा रोड पर स्थित इंडेन गैस एजेंसी के समीप एक ई रिक्शा से भिड़ंत हो गई और हादसे में पीआरडी जवान शहीद हो गया घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड कर युवक निगला कीटनाशक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गुलाब पुरवा गांव में एक 22 वर्षीय युवक ने इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड करने के बाद कीटनाशक का सेवन कर लिया। इलाज के दौरान सोमवार दोपहर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार, गुलाब पुरवा निवासी दुलारे प्रसाद के बेटे नागेंद्र यादव (22) ने रविवार सुबह करीब 11 बजे अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर एक वीडियो डाला। इसके तुरंत बाद उसने कीटनाशक दवा पी ली। नागेंद्र की हालत बिगड़ने पर परिजनों को शक हुआ और वे उसे एक निजी अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर में इलाज के दौरान सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी और सोमवार शाम करीब 5 बजे नानामऊ घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पाण्डेय ने बताया कि उन्हें इस घटना के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, किसी ने भी इस संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

# ग्राम सचिव को जिला कार्यालय से किया गया सबन्द्ध ऑडियो हुआ था वायरल

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। ब्लॉक की ग्राम पंचायत बारा बुजुर्ग में ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधान के बीच बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के छः दिन बाद प्रशासन ने कार्रवाई की है। वायरल ऑडियो में ग्राम पंचायत अधिकारी शिल्पी यादव और ग्राम प्रधान जसवंत लोधी के बीच भुगतान को लेकर वायरल ऑडियो में ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान से यह कहते हुए सुनाई दे रही हैं कि डीपीआरओ, बीडीओ, एडीओ पंचायत सहित अन्य अधिकारियों को चंदा दिया जाता है। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि कुछ बातें प्रधान को नहीं बताई जातीं और व्यवस्थाएं किस तरह की जाती हैं, यह वही लोग जानते हैं। ऑडियो ग्राम प्रधान जसवंत लोधी ने कई सोशल मीडिया ग्रुपों पर वायरल किया था। मामला संज्ञान में आने के बाद शनिवार देर शाम मुख्य विकास अधिकारी के आदेश पर ग्राम पंचायत अधिकारी शिल्पी यादव को जिला कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया। खंड विकास अधिकारी निशा सागर विश्वकर्मा ने बताया कि जिले से पत्र आया था, जिसमे उन्हें जिला मुख्यालय कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

## उधारी रुपए मांगने पर हुई मारपीट मुकदमा हुआ दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव पजन खेड़ा निवासी राहुल कुमार पुत्र भोले शंकर ने उधार दिए गए रुपए मांगने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। राहुल कुमार में थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 3 वर्ष पहले कब्बा खेड़ा सदर कोतवाली उन्नाव निवासी शिव पारस को 23000 रुपए उधार दिया था। शिव पारस ने 10 हजार रुपए वापस किए। शेष पैसा वापस मांगने शिव पारस ने 6 फरवरी को लगभग 6:00 बजे मेरे जिम के अंदर अपने साथी शिवा भदौरिया निवासी टनडसपुर थाना बारा सगवर तथा दो अज्ञात लोगों के साथ घुस कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# सालों से जो बोया, वही काट रहा है पाकिस्तान

जैसा बोएंगे, वैसा काटेंगे। यह कहावत पाकिस्तान पर पूरी तरह से सटीक उतरती है। सालों तक आतंकवाद का पालन-पोषण करने के बाद आज पाकिस्तान खुद उसी आतंकवाद से जूझ रहा है। पाकिस्तान ने सरकारी नीति बनाकर आतंकवाद को शह दी। सरकारी संरक्षण की वजह से वहां आतंकवाद दिन दूनी, रात चौगुनी तेजी से फैला। हालात यह हो गए हैं कि भारत सहित दुनिया के तमाम हिस्सों में होने वाली किसी भी आतंकी वारदात में प्रत्यक्ष या परोक्ष पाकिस्तान का हाथ निकल ही जाता है। भारत सालों से पाकिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा है। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों पर हुए भारतीय हमलों में मारे गए आतंकियों के जनाजों को कंधा देते हुए पाकिस्तानी सैन्य अफसरों के फोटो व वीडियो दुनिया ने देखे हैं। शुक्रवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक शिया मस्जिद में कथित आत्मघाती बम विस्फोट में दर्जनों लोगों की मौत हो गई और डेढ़ सौ से अधिक लोग घायल हो गए। शहजाद टाउन क्षेत्र स्थित तरलाई इमामबारगाह में शुक्रवार की नमाज के दौरान विस्फोट हुआ। यह घटना उस समय हुई जब उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव पाकिस्तान के दौरे पर थे। फिलहाल किसी भी समूह ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि हमलावर एक विदेशी नागरिक था और उसके संबंध 'फितना अल ख्वाराजी' से थे। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को 'फितना अल ख्वाराजी' कहा जाता है। टीटीपी तालिबान का एक सहयोगी संगठन है, जो मुख्य रूप से पड़ोसी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सक्रिय है। हमला किसने किया, यह जांच का विषय हो सकता, लेकिन यह आतंकवादी हमला था, इस पर कोई शक नहीं है। सवाल यह है कि जिस तालिबानी संगठन का नाम इस विस्फोट से जुड़ रहा है, उसको पाकिस्तान ने ही पाला-पोसा और बड़ा बनाया। बदली परिस्थितियों में पाकिस्तान का वही सृजन उसके लिए चुनौती बन गया है। पाकिस्तान के कई राज्यों में ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है। आतंकी घटनाओं का दुखद और मानवीय पहलू यह है कि इसके शिकार हमेशा निर्दोष और मासूम लोग ही होते हैं। इनमें बड़ी संख्या बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की होती है। किसी आतंकी घटना में बचे लोग भी लंबे समय उसकी दहशत से नहीं उबर पाते। असल में आतंकवाद किसी सरकार या देश से अधिक मानवता के खिलाफ अपराध होता है। पाकिस्तान के शासकों ने शायद ही कभी इस बात को समझा हो, क्योंकि आज भी भारत के खिलाफ उसकी यह नीति जारी है। भारत के सख्त रुख के बाद उसकी गतिविधियां कुछ कम तो हुई हैं, लेकिन वह अब भी अजहर मसूद जैसे दुर्दांत आतंकी को प्रश्रय दे रहा है। कई आतंकी कैंप चला रहा है। वह अब भी यह मानने को तैयार नहीं है कि आतंकवाद की उसकी सरकारी नीति ने पाकिस्तान के आम लोगों की जिंदगी को नरक बना दिया है। जो संसाधन लोगों की भलाई के लिए इस्तेमाल होने थे, वे आतंकवाद को पोषित करने में लग रहे हैं। अब तो यह हालात हो गए है कि पाकिस्तान का कोई इलाका सुरक्षित नहीं है। करीब तीन महीने पहले भी इस्लामाबाद में जिला एवं सत्र न्यायालय की इमारत के बाहर एक आत्मघाती बम विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई थी। इसी महीने की शुरुआत में एक अन्य आत्मघाती हमले में खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वज़ीरिस्तान स्थित एक कैडेट कॉलेज में छह लोग घायल हो गए थे। बेहतर हो कि पाकिस्तान अब अपने गिरेबां में झांके।



करियर

ममता कुशवाहा


पारंपरिक क्षेत्रों में जहां विकास का आधार मुख्यतः प्राकृतिक संसाधन या विनिर्माण उद्योग रहे हैं, वहीं ऑरेंज इकॉनमी विचारों, प्रतिभा, डिजिटल रचनात्मकता, डिजाइन, मीडिया, मनोरंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति पर आधारित है। भारत जैसे युवाओं की विशाल आबादी वाले देश, जहां समृद्ध सांस्कृतिक विरासत मौजूद है, ऑरेंज इकॉनमी न केवल एक नया आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, बल्कि बेरोज़गारी की समस्या के समाधान, कौशल विकास के विस्तार और वैश्विक रचनात्मक उद्योगों में नेतृत्व स्थापित करने का एक सशक्त अवसर भी प्रदान करती है। युवाओं के लिए यह केवल एक नया करियर विकल्प नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, नवाचार और वैश्विक प्रभाव का द्वार है।

# 'ऑरेंज इकॉनमी' युवाओं का भविष्य

ऑरेंज इकॉनमी की अवधारणा इस बात में एक क्रांतिकारी बदलाव का संकेत देती है कि देश रचनात्मकता, नवाचार और सांस्कृतिक उद्योगों को आर्थिक विकास के प्रमुख स्रोत के रूप में कैसे देखते हैं। पारंपरिक क्षेत्रों में जहां विकास का आधार मुख्यतः प्राकृतिक संसाधन या विनिर्माण उद्योग रहे हैं, वहीं ऑरेंज इकॉनमी विचारों, प्रतिभा, डिजिटल रचनात्मकता, डिज़ाइन, मीडिया, मनोरंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति पर आधारित है।

भारत जैसे देश के लिए, जहां युवाओं की विशाल आबादी और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत मौजूद है, ऑरेंज इकॉनमी न केवल एक नया आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, बल्कि बेरोज़गारी की समस्या के समाधान, कौशल विकास के विस्तार और वैश्विक रचनात्मक उद्योगों में नेतृत्व स्थापित करने का एक सशक्त अवसर भी प्रदान करती है। अपने मूल स्वरूप में ऑरेंज इकॉनमी के अंतर्गत एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, डिज़ाइन, डिजिटल कंटेंट निर्माण, संगीत, फिल्म, विज्ञापन, फैशन और रचनात्मक तकनीक जैसे क्षेत्र शामिल हैं। ये सभी उद्योग तेज़ी से डिजिटल प्लेटफॉर्म और वैश्विक बाज़ारों से जुड़े हुए हैं, जिससे दूर-दराज़ क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं के लिए भी इनमें प्रवेश संभव हो गया है। इंटरनेट की बढ़ती पहुंच और डिजिटल उपकरणों के प्रसार के साथ रचनात्मकता अब केवल शौक नहीं, बल्कि एक सम्मानजनक और टिकाऊ करियर विकल्प बनती जा रही है। यह बदलाव पारंपरिक रोजगार मॉडल से अलग है, जहां सफलता का रास्ता मुख्यतः इंजीनियरिंग, चिकित्सा या सरकारी नौकरियों जैसे परंपरागत पेशों से जुड़ा हुआ था। ऑरेंज इकॉनमी का सबसे आशाजनक पक्ष इसकी व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन की क्षमता है। जैसे-जैसे रचनात्मक उद्योगों का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे विभिन्न प्रकार के कौशलों की मांग भी बढ़ रही है, जैसे एनीमेशन और कोडिंग में तकनीकी दक्षता, कहानी लेखन, डिज़ाइन थिंकिंग, मार्केटिंग और डिजिटल रणनीति। सरकारें और शैक्षणिक संस्थान अब इस संभावना को गंभीरता से समझने लगे हैं। स्कूलों और कॉलेजों में क्रिएटिव लैब की स्थापना, पाठ्यक्रमों में रचनात्मक कौशलों का समावेश और डिजिटल कला से जुड़े व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर, भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यबल तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

अनुमान है कि 2030 और उसके बाद लाखों युवा रचनात्मक क्षेत्रों में अवसर प्राप्त कर सकेंगे, जिससे आर्थिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक समृद्धि भी बढ़ेगी। इस परिवर्तन की आधारशिला कौशल विकास है। पारंपरिक शिक्षा प्रणाली अक्सर रटंत विद्या और सैद्धांतिक ज्ञान पर केंद्रित रही है, जिसमें रचनात्मकता और नवाचार के लिए बहुत कम स्थान होता है। जबकि ऑरेंज इकॉनमी एक ऐसे दृष्टिकोण की मांग करती है, जो प्रयोग, आलोचनात्मक सोच, सहयोग और बहुविषयक अध्ययन को प्रोत्साहित करे। जब छात्रों को प्रारंभिक स्तर से ही रचनात्मक उपकरणों और डिजिटल प्लेटफॉर्म से परिचित कराया जाता है, तो उनमें न केवल तकनीकी दक्षता विकसित होती है, बल्कि आत्मविश्वास और उद्यमशीलता की भावना भी जागृत होती है। यही मानसिक बदलाव उन्हें वैश्विक रचनात्मक अर्थव्यवस्था



में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सक्षम बनाता है। ऑरेंज इकॉनमी का एक महत्वपूर्ण पहलू अवसरों का लोकतंत्रीकरण है। पूंजी-प्रधान उद्योगों के विपरीत, रचनात्मक क्षेत्रों में प्रवेश के लिए अपेक्षाकृत कम निवेश की आवश्यकता होती है। एक लैपटॉप, इंटरनेट कनेक्शन और रचनात्मक सोच, ये तीनों मिलकर डिजिटल कंटेंट, डिज़ाइन या गेमिंग जैसे क्षेत्रों में करियर की शुरुआत के लिए पर्याप्त हो सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से उन युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों या ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और जिनके पास पारंपरिक करियर विकल्पों तक पहुंच सीमित होती है। रचनात्मक कौशल और डिजिटल साक्षरता से उन्हें सशक्त बनाकर ऑरेंज इकॉनमी सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। फिल्म, संगीत, फैशन और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से सांस्कृतिक कथाएं अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचती हैं। जैसे-जैसे भारतीय रचनात्मक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है, वैसे-वैसे देश की सांस्कृतिक उपस्थिति और आर्थिक प्रभाव भी मजबूत होता जाता है। हालांकि, एक सशक्त ऑरेंज इकॉनमी की दिशा में यात्रा चुनौतियों से मुक्त नहीं है। आधारभूत संरचना की कमी, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का अभाव, वित्तीय संसाधनों तक सीमित पहुंच और अपर्याप्त नीति ढाँचे विकास में बाधा बन सकते हैं। इन बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। ऐसी नीतियां बनाई जानी चाहिए, जो स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करें, बौद्धिक संपदा की रक्षा करें, नवाचार को बढ़ावा दें और रचनात्मक उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करें।

इसके अतिरिक्त, ऑरेंज इकॉनमी के विकास के लिए सामाजिक दृष्टिकोण में भी परिवर्तन आवश्यक है। अनेक समाजों में रचनात्मक पेशों को आज भी अस्थिर या कम प्रतिष्ठित माना जाता है, जबकि पारंपरिक नौकरियों को अधिक सुरक्षित समझा जाता है। इस मानसिकता को बदलना युवाओं की प्रतिभा को पूरी तरह विकसित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। जब रचनात्मकता को एक वैध और मूल्यवान आर्थिक संपत्ति के रूप में स्वीकार किया जाएगा, तब युवा बिना सामाजिक या आर्थिक भय के अपने जुनून को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। दीर्घकालिक दृष्टि से देखा जाए तो ऑरेंज इकॉनमी रोजगार और आर्थिक विकास की संरचना को नए सिरे से परिभाषित कर सकती है। जैसे-जैसे स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पारंपरिक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर कम कर रही हैं, वैसे-वैसे रचनात्मक उद्योग अधिक प्रासंगिक और टिकाऊ बनते जा रहे हैं। मानवीय कल्पना, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को मशीनें आसानी से प्रतिस्थापित नहीं कर सकतीं। इसलिए रचनात्मकता में निवेश करना केवल एक आर्थिक रणनीति नहीं, बल्कि डिजिटल युग में सतत विकास की अनिवार्य आवश्यकता है। ऑरेंज इकॉनमी युवाओं के सशक्तिकरण, कौशल विकास और राष्ट्रीय प्रगति के लिए एक नए क्षितिज का उद्घाटन करती है।

रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करके, शिक्षा प्रणाली में सुधार लाकर और सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करके भारत जैसे देश ऑरेंज इकॉनमी की शक्ति का उपयोग कर चुनौतियों को अवसरों में बदल सकते हैं। युवाओं के लिए यह केवल एक नया करियर विकल्प नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, नवाचार और वैश्विक प्रभाव का द्वार है। जैसे-जैसे दुनिया ज्ञान और रचनात्मकता आधारित भविष्य की ओर बढ़ रही है, ऑरेंज इकॉनमी आशा की किरण बनकर उभरती है, जो मानव रचनात्मकता और सांस्कृतिक समृद्धि पर आधारित समृद्धि का वादा करती है।

आर्थिकी

सतीश सिंह



# मौद्रिक समीक्षा पर महंगाई का साया

महंगाई को 4% के लक्ष्य पर स्थिर रखने की प्रतिबद्धता, खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव और अनिश्चित वैश्विक आर्थिक माहौल के कारण और विकास की रफ्तार को बनाए रखने के लिए सतर्क रुख अपनाते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 6 फरवरी को नीतिगत ब्याज दर को 5.25% के स्तर पर अपरिवर्तित रखा। रिजर्व बैंक का प्राथमिक लक्ष्य महंगाई को नियंत्रित करना है। अस्तु, खाद्य पदार्थों की कीमतों में अनिश्चितता के कारण रिजर्व बैंक ने फिलहाल दरों को कम न करने का निर्णय लिया ताकि महंगाई और न बढ़े। दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनावों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगातार दबाव बना हुआ है, जिसके कारण सतर्कता बरतना आवश्यक है। डॉलर के मुकाबले रुपये की अस्थिरता और बॉन्ड यील्ड के दबाव के कारण भी केंद्रीय बैंक ने रेपो दर में कटौती करने से गुरेज किया। दिसंबर 2025 में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 0.25% की कटौती की थी, जिससे यह मौजूदा स्तर पर आ गया। वैसे, 2025 की शुरुआत से रिजर्व बैंक नीतिगत दरों में 125 आधार अंकों की कटौती कर चुका है, लेकिन अभी तक बैंकों ने इस कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को नहीं दिया है, क्योंकि अभी भी नये ऋणों में आधार अंकों की कटौती करना शेष है. इसलिए, रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों को यथावत रखने के बाद भी उधारी दरों में कटौती की गुंजाइश बनी हुई है। रिजर्व बैंक, जिस दर पर बैंकों को ऋण देता है, उसे रेपो दर कहते हैं। जब रिजर्व बैंक इसे घटाता है तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और बैंक इसका लाभ आमजन और जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं। हालांकि, नीतिगत दरों में कटौती नहीं करने के बावजूद जरूरत पड़ने पर रिजर्व बैंक नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कटौती करके और ओपन मार्केट ऑपरेशंस (ओएमओ) के जरिये बैंकिंग प्रणाली की तरलता को बढ़ा सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक ने 29 जनवरी 2026 को हुई नीलामी सहित, ओएमओ के माध्यम से रिजर्व बैंक बैंकिंग प्रणाली में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये डाल चुका है। सबसे महत्वपूर्ण, भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की गति अच्छी है। केंद्रीय बैंक मौद्रिक समीक्षा के दौरान वित्त वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि अनुमान को 7.3% से बढ़ाकर 7.4% कर दिया, जबकि वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में इसके 6.9% रहने का अनुमान जताया है, जो इसके पहले 6.7% था, वहीं, वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में जीडीपी के 7% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 6.8% था। इसके अलावा, हाल ही में अमेरिकी सरकार ने टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है, जिससे निर्यात में इजाफा, आर्थिक गतिविधियों में तेजी, व्यापार घाटा में कमी आने, विदेशी मुद्रा में इजाफा आदि होने की उम्मीद है, जिससे अर्थव्यवस्था में मजबूती आएगी। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान महंगाई के 2.1% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 2% था। वहीं, वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में इसके 3.2% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 2.9% था। महंगाई के कारण लोगों की क्रय शक्ति में कमी, जीवनयापन की लागत में वृद्धि, और बचत के वास्तविक मूल्य में गिरावट आती है। इससे गरीबों पर सबसे अधिक असर पड़ता है, क्योंकि उन्हें बुनियादी आवश्यकताओं, जैसे भोजन और स्वास्थ्य के मद में ज्यादा खर्च करना पड़ता है। यह आर्थिक विकास को भी बाधित करती है और कंपनियों के मुनाफे को भी कम करती है। महंगाई दर के जमा दर से अधिक होने पर बैंक में जमा पैसों की वास्तविक कीमत घट जाती है और भविष्य के लिए जमा की गई पूंजी कम हो सकती है और बुढ़ापे में वित्तीय संकट पैदा हो सकता है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार जनवरी, 2026 में, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की ऋण वृद्धि दर धीमी होकर वर्ष दर वर्ष के आधार पर 13.1% रह गई, जो दिसंबर 2025 में 14.5% थी। वहीं, 5 जनवरी, 2026 को खत्म हुए पखवाड़े तक जमा वृद्धि दर कम होकर वर्ष दर वर्ष के आधार पर 10.6% रह गई। इस तरह, इस अवधि में बैंक जमा में लगभग 3 लाख 57 हजार करोड़ रुपये की कमी आई, जिससे क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात रिकॉर्ड 82.2% के उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?




संकलित

दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे टकराव बढ़ेगा।

## बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं



संकलित

प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जाएगा। राजा ने एक पण्डित जी से बात की। पण्डित जी भागवत सुनाने के लिए तैयार हो गए। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरंभ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहा- पण्डित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आएं, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरुजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिए मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पण्डित जी दोनों को बांध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरुजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहा- तुम पण्डित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया कि हम बंधे है कैसे एक-दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरुजी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बन्धन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डिजिटल क्रांति का सच

आज का दौर डिजिटल क्रांति का है, लेकिन यही क्रांति अब बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बनती जा रही है। भारत में तेजी से बढ़ते इंटरनेट उपयोग और सस्ते डेटा ने जहां अवसरों के नए द्वार खोले हैं, वहीं यह बच्चों के लिए एक अदृश्य खतरा भी बनकर उभरा है। इकोनॉमिक सर्वे 2025-26 ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि डिजिटल एडिक्शन और अत्यधिक स्क्रीन टाइम अब सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम का रूप ले रहा है, क्योंकि स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और गेमिंग प्लेटफॉर्म बच्चों के व्यवहार, सीखने की क्षमता और मानसिक संतुलन पर मापने योग्य प्रभाव डालने लगे हैं। यही नहीं, रिपोर्ट ने यह भी सुझाया है कि कम उम्र के उपयोगकर्ताओं की अधिक संवेदनशीलता को देखते हुए सोशल मीडिया के लिए आयु-आधारित सीमाएं तय करने पर विचार किया जाना चाहिए।

*- रोहित कुमार यादव*

## ट्रेंड

### ऐतिहासिक समझौता



यह एक ऐतिहासिक समझौता है, जो विशेष रूप से पूर्वी नागालैंड के विकास पथ को गति प्रदान करेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि इससे लोगों के लिए अवसरों और समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। यह पूर्वोत्तर में शांति, प्रगति और समावेशी विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### 'भारत विस्तार' प्लेटफार्म



किसानों की उत्पादकता बढ़ाने और उनकी आजीविका में सुधार लाने के लिए हमने एआई के उपयोग का फैसला किया है। 'भारत विस्तार' प्लेटफार्म भी हम बना रहे है, जिस पर बीज, खाद, दवा और योजनाओं के सवाल और समाधान सब मिल जाएगा।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### सार्थक विकास



विकास वही सार्थक होता है जो अपनी सभ्यता, अपनी संस्कृति के मूल्यों का संरक्षण और सम्मान करते हुए हमें नित नए सोपान की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सके।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### शिक्षा विरोधी सोच



भाजपा की शिक्षा विरोधी सोच ही सरकारी स्कूलों को बंद करवा रही है। भाजपाई जानते हैं कि शिक्षा से लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक चेतना आती है जो भाजपा की दकियानूसी, रूढ़िवादी, संकीर्ण सोच और तंग नजरिये को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### पूर्व मीडिया दिग्गज लाई को सोमवार को मिलेगी सजा



हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को चीन द्वारा लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराए जाने के बाद सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है। न्यायपालिका ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी कि वह सोमवार को पूर्वाह्न 10 बजे सजा सुनाए जाने की कार्यवाही शुरू करेगी। लाई चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के मुखर आलोचक रहे हैं

## ऑफ बीट

### चार लाख साल पहले ग्रीनलैंड हरा-भरा था



लगभग 400,000 साल पहले, ग्रीनलैंड के बड़े हिस्से बर्फ-मुक्त थे। द्वीप की उत्तर-पश्चिमी उच्चभूमि पर झाड़ीदार टुंड्रा सूर्य की किरणों का आनंद लिया करता था। साक्ष्य बताते हैं कि कीड़ों से गुलजार स्प्रूस पेड़ों का जंगल, ग्रीनलैंड के दक्षिणी हिस्से में फैला हुआ था। उस समय वैश्विक समुद्र का स्तर बहुत अधिक था, आज के स्तर से 20 से 40 फुट ऊपर। दुनिया भर में, वह भूमि जो आज करोड़ों लोगों का घर है, पानी में डूबी हुई थी। वैज्ञानिक काफी समय से जानते हैं कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पिछले दस लाख वर्षों में किसी न किसी समय गायब हो गई थी,

## संक्षेप

### आर.सी. जारी कर बकायेदारों से की जायेगी ऋण वसूली: डीएमओ बहराइच

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। टर्मलोन योजना 1094 ऋणधारकों पर बकाया हैं रू. 1893.55 लाख

बहराइच 09 फरवरी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा वर्ष 1995 में प्रारम्भ की गई टर्म लोन योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 1094 लोगों को रोजगार करने के लिए धनराशि रू. 377.92 लाख का ऋण दिया गया था, समय से ऋण जमा न होने के कारण मूलधन सहित ब्याज बढ़कर धनराशि रू. 1893.55 लाख हो गयी है, विभाग द्वारा बकायेदारों से सम्पर्क करने के बावजूद. भी बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही हैं। इस स्थिति पर प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा जनपद में ऋण की वसूली नगण्य होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई है। श्री खालिद ने डिफाल्टर ऋणधारकों निर्देशित किया है कि 25 फरवरी 2026 तक बकाया सभी ऋण किश्ते गेंद घर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दें अन्यथा की स्थिति में बकाये की धनराशि की वसूली हेतु भू-राजस्व की भांति आर.सी. जारी करने की कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए लाभार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने बताया कि बकाया धनराशि जमा न कराये जाने की दशा में ऋणधारक की सम्पत्ति अथवा गारन्टरों से बकाया ऋण वसूल करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

### सांसद किशोरीलाल शर्मा अमेठी पहुंचे

**दिवंगत कांग्रेस नेता डॉ. संजय सिंह को दी श्रद्धांजलि**

अमेठी सांसद किशोरीलाल शर्मा देर रात अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंचे। उन्होंने अमेठी तहसील के कोहरा गांव में दिवंगत कांग्रेस नेता डॉ. संजय सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. संजय सिंह का कुछ दिनों पहले हृदयगति रुकने से निधन हो गया था।सांसद शर्मा ने डॉ. संजय सिंह के परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल और डॉ. अरविंद चतुर्वेदी समेत अन्य स्थानीय कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।

### पिंडोरिया में बच्चों को खेल सामग्री भेंट

**सपा नेता सूबेदार यादव ने वॉलीबॉल और नेट दिया**

अमेठी , भेटुआ ब्लॉक स्थित ग्रामसभा पिंडोरिया में समाजवादी पार्टी के नेता और जिला पंचायत सदस्य सूबेदार यादव ने बच्चों को खेल सामग्री भेंट की। उन्होंने बच्चों को वॉलीबॉल और नेट प्रदान किया।इस अवसर पर सूबेदार यादव ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास की नींव रखते हैं

# तहसील नानपारा में आयोजित हुआ वृहद सहायता एवं सेवा शिविर

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा

बहराइच। कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर तहसील नानपारा के प्रांगण में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया गया साथ ही साथ आम जनमानस को चिन्हित कर लाभान्वित भी किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया कुमारी राय ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया गया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया।




तहसील परिसर में आयोजित सहायता एवं सेवा शिविर में राजस्व, विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, नगर निकाय, सिंचाई, वन, श्रम, युवा कल्याण पालिका, नेहरू युवा केन्द्र, कृषि, ग्राम्य विकास सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल के माध्यम से लाभार्थियों को खतौनी, वरासत, पेंशन, राशन कार्ड, आवास, मनरेगा, दिव्यांगता प्रमाणपत्र, वृद्धावस्था पेंशन, कृषकों से सम्बन्धित योजनाओं एवं सेवाओं के लिए आवेदन करायें गये तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया।

शिविर को सम्बोधित करते हुए एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि एक ही मंच पर सभी विभागों की सेवाएँ उपलब्ध हों। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पूरी संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ शिकायतों का निस्तारण करें। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार नानपारा, नगर पालिका के अधिकारी, लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं नगरवासियों ने भाग लिया और प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

# हैदराबाद से लूटे गए जेवरात के साथ भागे दो नेपालियो को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 42वीं वाहिनी ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हैदराबाद में हुई लूट की घटना से जुड़े दो नेपाली आरोपियों को लूटे गए जेवरात के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 फरवरी को हैदराबाद के जुबली हिल्स थाना पुलिस निरीक्षक द्वारा पत्र के माध्यम से सूचना दी गई थी कि दो नेपाली युवक हैदराबाद में एक घर से लाखों रुपये के जेवरात लूटकर फरार हो गए हैं और उनके भारत-नेपाल सीमा के रास्ते नेपाल भागने की संभावना है।सूचना मिलते ही रुपईडीहा सीमा पर चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया। 8 फरवरी को हैदराबाद पुलिस भी रुपईडीहा पहुंची और एसएसबी तथा पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान दोनों संदिग्धों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कृष्ण चंद्र (23 वर्ष) पुत्र मन बहादुर चंद्र, निवासी वार्ड संख्या 7, जिला दैलेख, नेपाल तथा भूपेंद्र शाही (19 वर्ष) पुत्र शेर बहादुर शाही, निवासी आठबीस, जिला दैलेख, नेपाल के रूप में हुई है।दोनों आरोपियों के पास से लाखों रुपये मूल्य के सोने के दर्जनों की संख्या में जेवरात, जिनमें हीरे जड़े हुए थे, बरामद किए गए हैं। एसएसबी ने दोनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर बरामद जेवरात अपने कब्जे में ले लिया। पूछताछ के लिए हैदराबाद पुलिस के इंस्पेक्टर कविउद्दीन तथा आरक्षी विजय कुमार रुपईडीहा पहुंच चुके हैं।

बाद में पकड़े गए दोनों आरोपियों और बरामद सामान को आगे की कार्रवाई के लिए हैदराबाद पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।



# मटेरा थाने मे महाशिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। थानाक्षेत्र मटेरा में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर थाना मटेरा प्रांगण में पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह ने की। बैठक में प्रभारी निरीक्षक मटेरा हरिकेश सिंह ने जानकारी दी कि आगामी 15 फरवरी को शिवबारात शोभायात्रा मटेरा सहित विभिन्न स्थानों से निकाली जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह ने कहा कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप ही शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने समिति के सदस्यों से अपील की कि सभी लोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आपसी सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखें, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से सके। बैठक में मंडल अध्यक्ष मटेरा कुश शुक्ला, अमरजीत सिंह , संजय त्रिपाठी , राजेंद्र त्रिपाठी, लीलाधर पांडे, आयुष अग्रवाल, निलेश मिश्रा प्रेम कुमार, विक्की यादव ,ग्राम प्रधान मनीराम यादव, राजन वर्मा सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।



# मदरसा नूरिया ऐनी कैसरगंज में हज यात्रियों का टीकाकरण सम्पन्न

**नगर पंचायत अध्यक्ष युसुफ अली सोनू ने फीता काटकर किया शिविर का शुभारंभ**

**भव्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। हज 2026 पर जाने वाले हज यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर मार्गदर्शन के उद्देश्य से मदरसा अल-जामियतुन नूरिया ऐनी, कैसरगंज में टीकाकरण एवं हज प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत कैसरगंज के अध्यक्ष युसुफ अली सोनू ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बहराइच से डॉ. मकबूल हैदर जाफरी के नेतृत्व में पहुँची विशेषज्ञ मेडिकल टीम ने हज पर जाने वाले 30 हज यात्रियों का आवश्यक टीकाकरण किया तथा सभी यात्रियों को पोलियो की खुराक भी पिलाई गई। मेडिकल टीम द्वारा यात्रियों के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।



शिविर में हज ट्रेनर मोहम्मद एहसानुर्रहमान ने हाजियों को हज यात्रा के दौरान होने वाले तमाम अरकान, उमरा, तवाफ, सई, वुकूफ-ए-अराफात, मिना और मुज्दलिफा से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हज के हर अमल को सही तरीके और सुन्नत के मुताबिक अदा किया जाए। मदरसा नूरिया के प्रिंसिपल मौलाना सुभान रजा साहब एवं वरिष्ठ आलिम मौलाना शम्सुद्दीन ने मक्का-मदीना पहुँचने के बाद की धार्मिक, सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों पर रोशनी डाली। उन्होंने हज यात्रियों को सब्र, अनुशासन और आपसी सहयोग के साथ हज अदा करने की नसीहत की। मौलाना शम्सुद्दीन ने हज यात्रियों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे हरम शरीफ की मुकद्दस सरजमीन पर पहुँचकर मुल्क-ए-हिंदुस्तान की तरक्की, अमन-चैन, भाईचारे, आपसी मोहब्बत और खुशहाली के लिए दुआ करें, ताकि देश में शांति और सद्भाव बना रहे। इस मौके पर कैंप आयोजक हाजी शब्बीर कादरी, मदरसा नूरिया के प्रबंधक शम्सुद्दीन बरकाती, हाजी इरशाद अली, हाजी राशिद अमीन, हाजी नब्बन, कोषाध्यक्ष अब्दुल नबी सैफी, मौलाना रिजवान, कारी अरशद रजा, कारी सद्दाम हुसैन, मास्टर जव्वाद, शमीम खान, हाफि ज पीर मोहम्मद, डॉ. मिज्जन अली, शहंशाह, महबूब सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने विकास खण्ड पयागपुर का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। कार्यालयों की साफ-सफाई, अभिलेखों के समुचित रख-रखाव तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने खण्ड विकास अधिकारी पयागपुर के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। परिसर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई संतोषजनक पायी गयी। परिसर स्थित आवासीय भवनों के सम्बन्ध में पूछने पर खण्ड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि नये आवास निर्माण हेतु डिमाण्ड की जा चुकी है। श्री सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में बीडीओ, जेई एमआईएस व एडीईओ आईएसबी सरकारी आवासों में रह रहे हैं।कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने मनरेगा, स्थापना, आवास, पंचायती कार्य, समाज कल्याण, जनसुनवाई सहित अन्य पटलों का निरीक्षण कर पटल से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित से आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की। डीएम ग्रान्ट रजिस्टर प्रथम एवं द्वितीय का भी अवलोकन करते हुए आय-व्यय के सम्बन्ध में बीडीओ से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान पटलों से सम्बन्धित अभिलेख व गार्ड फाईल इत्यादि कागजात व्यवस्थित पाये गये। डीएम ने प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत विकास खण्ड कार्यालय पर की जा रही सुनवाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। बीडीओ द्वारा बताया गया कि बीडीओ चित्तौरा, प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य तथा उनके द्वारा तामीला नोटिसों की सुनवाई की जा रही है। डीएम ने बीडीओ निर्देश दिया कि सुनवाई के लिए आने वाले नागरिकों के बैठने एवं पेयजल इत्यादि की व्यवस्था रखी जाय ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या न आये। डीएम ने निर्देश दिया कि सुनवाई के लिए आने वालों से मतदाताओं से मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी शंकाओं का समाधान भी कराया जाय। इस अवसर पर सहायक खण्ड विकास अधिकारी व अवर अभियन्ता मौजूद रहे।

# हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण व टीकाकरण शिविर आयोजित , 44 का हुआ टीकाकरण

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, कैसरगंज/बहराइच। मदरसा उस्मानिया इस्लामिक स्कूल, कैसरगंज में सोमवार को हज यात्रियों के शरीयत व स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन के लिए एक दिवसीय हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविरझ2026 का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 44 हज यात्रियों का आवश्यक टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मौलाना मुफ्ती महफूजुर रहमान व मौलाना अहमद अली नदवी ने हज की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हज केवल इबादत ही नहीं, बल्कि आत्मिक अनुशासन और धैर्य की परीक्षा भी है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे हज के दौरान अपने आचरण को बेहतर रखें और सुन्नत-ए-नबवी के अनुसार अरकान की अदायगी करें।हज ट्रेनर एहसानुर रहमान ने मानचित्रों व व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से एहराम, तवाफ, सई सहित हज के सभी प्रमुख अरकान की जानकारी दी। इससे हज यात्रियों को यात्रा के दौरान होने वाली कठिनाइयों को समझने में मदद मिली। यात्रियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण की व्यवस्था की गई, जिसे डॉ. सैयद जफर हुसैन और आफाक अहमद की मेडिकल टीम ने संपन्न कराया। मदरसे के मोहतमिम मौलाना रईस कासमी ने अतिथियों का स्वागत किया। शिविर के सफल आयोजन के लिए डॉ. अरशद रईस नदवी के प्रयासों की सराहना की गई।कार्यक्रम का संचालन डॉ. नजमुज्जमां ने किया।इस मौके पर मौलाना खालिद कासमी, मौलाना फखरुद्दीन कासमी, हाफिज वहीदुद्दीन, मौलाना डॉ. मोहम्मद रिजवान कासमी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में हज यात्री मौजूद रहे।अंत में देश में अमन-चैन और मानवता की भलाई के लिए दुआ की गई।




# लापरवाही: बच्चों के खेल खेल में एक बच्चे के नाक में रोड़ा लगने से फटी नाक

**घटना इंटरवल के समय की बताई जा रही है**

**आठ स्टाफ में घटना के समय केवल एक शिक्षामित्र था मौजूद**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विकासखंड फखरपुर अंतर्गत ग्राम सभा नंदवल के प्राथमिक विद्यालय में दोपहर 12:30 बजे के लगभग बच्चे खेल रहे थे। उसी समय एक रोड़ा सुनील यादव पुत्र राम छबीले के नाक पर लगा जिससे उसके नाक से तमाम खून बह गया। बच्चे के पिता ने प्राइवेट चिकित्सक के पास इलाज कराया है।बच्चे के पिता का कहना है कि स्कूल में शिक्षक हमेशा गायब रहते हैं। केवल घटना के समय एक शिक्षा मित्र मौजूद था। वहीं शिक्षा मित्र राम सनेही भास्कर से फोन से बात की तो उन्होंने बताया कि घटना के समय में मैं ही था। बाहर के किसी बच्चे ने रोड़ा फेका था। उसी से उसके नाक पर चोट लग गई। बाकी शिक्षक के बारे में पूछने पर बताया हमारे पास छोटा मोबाइल है। कोई सही सूचना नही दे सकते हैं।



# प्रणव मिश्रा ने द्वितीय जूनियर एशियन सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप 2026 में रचा इतिहास

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लुधियाना पंजाब में 03 से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली द्वितीय जूनियर एशियन सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप 2026 में जनपद के युवा सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी प्रणव मिश्रा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। मिक्स्ड टीम इवेंट में प्रणव ने निर्णायक क्षणों में अद्भुत आत्मविश्वास, तकनीकी कौशल और शानदार टीम भावना का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय टीम स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। वहीं डबल्स स्पर्धा में भी उन्होंने दमदार और संतुलित खेल दिखाते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। उल्लेखनीय है कि मोहल्ला बख्शीपुरा चांदमारी निवासी प्रणव मिश्रा वर्तमान समय में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई (सोनीपत, हरियाणा) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रणव ने बताया कि उनके द्वारा अर्जित की गई उपलब्धि में कोच शनीष मणि मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन, अनुशासन और रणनीतिक तैयारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोच श्री मिरा ने कहा कि प्रणव की यह उपलब्धि बहराइच की युवा प्रतिभाओं के लिए एक नई दिशा और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रणव की सफलता यह सिद्ध करती है कि छोटे शहरों और कस्बों से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं। प्रणव की सफलता पर जनपदवासियों विशेष कर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों गर्व महसूस कर रहे हैं।

# एक वर्ष में तेंदुए के हमले में एक किसान समेत नौ मासूमों की हुई मौत

## बस से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे; चेहरे कुचले, स्वेटर से पहचान

**कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में लगातार हो रहे तेंदुए के हमले**

**हमले रोकने के लिए विभाग के पास ठोस नीति व संसाधन का अभाव**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र की सुंदरता और प्रसिद्धि यहां के लोगों के जीवन के लिए काल का रूप धारण कर चुकी है जंगल से निकलकर गांव की ओर लगातार वन्य जीव रुख कर रहे हैं जिससे मासूम बच्चों सहित ग्रामीणों की मौत हो रही है ग्रामीण खुद को दहशत के साए में रहकर अपना जीवन काट रहे हैं ग्रामीण जब भी अपनी बात वन विभाग सहित अन्य अधिकारियों से कहते हैं तो उनके पास वन्यजीवों से सुरक्षा देने के लिए कोई भी योजना जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं देती है जवाब महज गस्त बढ़ाने और पिंजरा लगाने तक ही सीमित रह जाता है वही अपनों को खोने वाले लोग दहशत में अपना जीवन गुजार रहे हैं। वन विभाग की ठोस योजना का ना होना या फिर ग्रामीण के जागरूकता का अभाव वन्य जीवों के हमले का कारण तो नहीं है।सात वन रेंजों में फैले इस विशाल जंगल के बीच कई ऐसे छोटे-छोटे वनखंड मौजूद हैं, जो वर्षों पहले तो प्राकृतिक संतुलन का हिस्सा थे, लेकिन समय के साथ गांवों के फैलाव और खेती की बढ़ती सीमाओं ने इन्हें आबादी से सटा दिया। जंगल और बस्तियों के बीच की प्राकृतिक दूरी लगातार घटती गई और मानव-वन्यजीव टकराव का खतरा पहले से कहीं अधिक गंभीर बनता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में गन्ने की खेती का तेजी से बढ़ा रकबा इस संकट को और जटिल बना रहा है। ऊंचे, घने और लंबे समय तक खड़े रहने वाले गन्ने के खेत तेंदुओं के लिए सुरक्षित वास बन चुके हैं। दिन के उजाले में यही खेत उनका जंगल की तरह ठिकाना बनते हैं और रात का सन्नाटा घिरते ही उनका रुख गांवों की ओर हो जाता है। वन क्षेत्र से सटे गांवों में तेंदुओं की मौजूदगी और हमलों की बढ़ती घटनाओं ने लोगों के मन में स्थायी दहशत पैदा कर दी है। छोटे वनखंड अब वन्यजीवों को पर्याप्त आश्रय नहीं दे पा रहे, जबकि खेतों में छिपे तेंदुए मानव गतिविधियों के बेहद करीब रहकर शिकार की नई प्रवृत्तियां विकसित कर रहे हैं। खेत, मेड़, आंगन और गलियां सब मानो एक अदृश्य खतरे की रेखा में तब्दील हो चुके हैं, जहां हर आहट अनहोनी का संकेत लगने लगी है। इस भयावह स्थिति का सबसे दर्दनाक उदाहरण शनिवार की शाम को मोहकम पुरवा गांव में सामने आया जब घर के आंगन में खेल रही मासूम बालिका सहजल पर तेंदुए ने हमला कर दिया। पिता ने साहस दिखाते हुए बच्ची को उसके चंगुल से छुड़ा तो लिया, लेकिन गंभीर चोटों के चलते उसकी जान नहीं बच सकी। इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को लोगों को झकझोर दिया और जंगल-गांव के बीच बिगड़ते संतुलन की सच्चाई को एक बार फिर उजागर कर दिया।ग्रामीणों का मानना है कि समस्या का समाधान केवल गश्त और चेतावनी तक सीमित नहीं रह सकता। वन क्षेत्र का स्पष्ट सीमांकन, संवेदनशील गांवों में सौर लाइट और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, ऊंचे मचान, त्वरित रेस्क्यू टीम की उपलब्धता, स्कूल से लेकर गांव स्तर तक जागरूकता अभियान तथा गन्ना कटाई के मौसम में विशेष निगरानी जैसे ठोस कदम समय की जरूरत हैं।इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के बिना किसी भी योजना का प्रभाव सीमित ही रहेगा।कतर्नियाघाट की हरियाली जहां वन्यजीवों का स्वाभाविक घर है, वहीं सीमावर्ती बस्तियों के लिए वही हरियाली अब अनिश्चित भय की छाया बनती जा रही है। एक वर्ष में एक किसान सहित नौ मासूमों की असमय मौत हो चुकी है लेकिन इन हम लोग को रोकने के लिए वन विभाग के पास कोई ठोस नीति नियम या संसाधन नहीं है जिससे आए दिन लगातार हमले हो रहे हैं और निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है लोग उम्मीद लगा कर बैठे हैं कि कब कोई ऐसी नीति तैयार होगी जिससे जंगली जानवरों से बच्चों और ग्रामीणों को सुरक्षा प्रदान होगी। आपको बताते चलें किन-किन लोगों ने बीते एक वर्ष में अपनों को खोया है।19 जनवरी 2025 को सुजौली वन रेंज के अयोध्या पुरवा निवासी आयशा की मौत।एक मई 2025 को धमार्पुर वन रेंज के जलिहा निवासी शमा की मौत। 13 जून 2025 को धमार्पुर वन रेंज के धमार्पुर निवासी शहिद की मौत।12 जुलाई 2025 को मोतीपुर वन रेंज के मनोहर पुरवा निवासी अरविंद कुमार की मौत। 30 सितंबर 2025 को ककरहा वन रेंज के धरमपुर निवासी कन्हई लाल की मौत। 15 नवंबर 2025 को कतर्नियाघाट वन रेंज के सीताराम पुरवा निवासी अभिनंदन की मौत।18 दिसम्बर 2025 को सुजौली वन रेंज के अयोध्या पुरवा निवासी आसमान की मौत। 29 जनवरी 2026 को निशान गाडा वन रेंज के मुखिया फार्म रमपुरवा निवासी अनुष्का की मौत।4 फरवरी 2026 को कतर्नियाघाट वन रेंज के निषादनगर निवासी सुभाष की मौत। 07 फरवरी 2026 को सुजौली वन रेंज के मोहकम पुरवा निवासी सहजल की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही मौत से ग्रामीण दहशत के साए में अपना जीवन जीने को मजबूर है।



# रानीगंज तहसील में एसडीएम के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

**तबादले की मांग पर अड़े, सभागार से बाहर जाओ के लगाए नारे**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , रानीगंज तहसील में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के खिलाफ अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी है। इस विरोध प्रदर्शन के कारण प्रशासनिक व्यवस्था और जनसुनवाई प्रभावित हो रही है। अधिवक्ता संघ एसडीएम के स्थानांतरण की मांग पर अड़ा हुआ है और क्रमिक अनशन कर रहा है। तहसील दिवस के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई, जब एसडीएम गांधी सभागार में जनसुनवाई के लिए पहुंचे। आंदोलनरत अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया और वे बड़ी संख्या में धरना स्थल से सभागार पहुंच गए। अधिवक्ताओं ने सभागार के भीतर ही ॰एसडीएम मुदार्बाद॰ और ॰सभागार से बाहर जाओ॰ जैसे नारे लगाते हुए धरना शुरू कर दिया। माहौल तनावपूर्ण होने के कारण एसडीएम को जनसुनवाई बीच में छोड़कर जिला मुख्यालय लौटना पड़ा।एसडीएम के जाने के बाद समाधान दिवस की कार्यवाही तहसीलदार की अध्यक्षता में पूरी की गई। हालांकि, इस विरोध प्रदर्शन के कारण कई फरियादियों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जिससे आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।अधिवक्ताओं का आरोप है कि उनकी मांगों और शिकायतों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब एसडीएम के खिलाफ धरना चल रहा था, तब उन्हें जनसुनवाई के लिए भेजना स्थिति को और भड़काने जैसा कदम था।



## संक्षेप

### वन भूमि पर हुए अवैध निर्माण को ढहाया गया

म्योरपुर, सोनभद्र।म्योरपुर रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत गड़िया के तेनहुनियां टोला स्थित पेंगाबेहरा जंगल में वन भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए ढ़हा दिया। यह कार्रवाई स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत के बाद की गई।ग्रामीणों ने डीएफओ को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि कुछ ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के एक वाचर की मिलीभगत से वन भूमि पर अवैध कब्जा कर जुताई की जा रही है। साथ ही, जंगल की भूमि पर कच्चे मकान का निर्माण भी कराया जा रहा था। शिकायत में यह भी कहा गया था कि निर्माण कार्य के लिए जंगल से पेड़ों की अवैध कटान कर लकड़ियों का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाने, वन भूमि को कब्जा मुक्त कराने तथा काटी गई लकड़ियों को रेंज परिसर में जमा कराने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएफओ के निर्देश पर रेंजर जबर सिंह मौके पर पहुंचे और स्थलीय जांच की। जांच में शिकायत सही पाई गई।इसके बाद वन विभाग की टीम ने वन भूमि से अवैध कब्जा हटाते हुए निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया। रेंजर जबर सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति वन भूमि पर अवैध कब्जा करता या पेड़ों की कटान करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### भक्तों की रक्षा के लिए प्रभु अपने वचन तोड़ देते हैं: मनीष शरण

सोनभद्र। गायत्री भवन तेजनगर उरमौरा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास मनीष शरण जी महाराज ने कथा करते हुए कहा कि अपने भक्तों की रक्षा के लिए प्रभु अपने भी वचन तोड़ देते हैं। ब्रज वासियों ने भगवान के कहने पर गोवर्धन जी की पूजा किया, परिक्रमा किया और जब इंद्र को पता चला तो साम्वर्त्तक आदि बादलों को ब्रज मण्डल को ही नष्ट करने को भेजा। भयंकर तूफान और बरसात को देख ब्रजवासी भगवान के पास गए तब अपने भक्तों की रक्षा के लिए सात वर्ष के कन्हैया ने सात कोष के गोवर्धन को सात दिन, सात रात्रि तक अपने सबसे छोटी उंगली पर उठाया और संसार को अपने भगवान होने का प्रमाण दिया। प्रभु समय समय पर देते है अपनी भगवत सत्ता का प्रमाण। इस अवसर पर मुख्य यजमान पवन कुमार मिश्र, आचार्य विनय कुमार शुक्ल, महेश शुक्ल, अरुण तिवारी, महेंद्र प्रसाद शुक्ला, चन्द्र किशोर पांडेय, सुरेश सिंह, विनोद शुक्ला, संजीव शुक्ला, ओम कुमार चतुर्वेदी, आनंद ओझा समेत भक्तगण, श्रोतागण, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

### लकड़ी लेने गई महिला से छेड़छाड़, चचेरा भसुर पर मुकदमा दर्ज

अनपरा, सोनभद्र।स्थानीय थाना क्षेत्र के जंगल में लकड़ी लेने गई एक महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने रिश्ते में अपने चचेरा भसुर पर छेड़छाड़ व धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार अनपरा थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शुक्रवार की अपराह्न करीब दो बजे वह जंगल में लकड़ी लेने गई थी।

# पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए दिए डायरिया से बचाव के संदेश

## पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से प्रतियोगिता आयोजित

**कृष्णा पहले, मयंक दूसरे और दिव्या रानी तीसरे स्थान पर रहीं**

अमन लेखनी समाचार




मथुरा, 10 फरवरी। डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत सोमवार को स्थानीय सुभाष इंटर कॉलेज में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। डायरिया के प्रति जागरूकता के लिए इस मौके पर रोल प्ले का भी आयोजन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में 42 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें कक्षा-सात के कृष्णा पहले, कक्षा-सात के ही मयंक दूसरे और कक्षा -11 की दिव्या रानी तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा-आठ की कुमारी तनु को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। रोल प्ले में कक्षा-11 की वीनू और अलका अव्वल रहीं। इस मौके पर छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य डॉ. मनवीर सिंह ने किया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने डायरिया रोकथाम और प्रबन्धन के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डायरिया की चपेट में कई कारणों से बच्चे आ सकते हैं, जैसे- दूषित जल पीने से, दूषित हाथों से भोजन बनाने या बच्चे को खाना खिलाने, खुले में शौच करने या बच्चों के मल का ठीक से निस्तारण न करने आदि से। इसलिए शौच और बच्चों का मल साफ करने के बाद, भोजन बनाने और खिलाने से पहले हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह अवश्य धुलें। माताएं छह माह से ऊपर के बच्चों को स्तनपान कराती रहें और हमेशा साफ-सुथरा पानी ही पिलायें। छह माह से कम उम्र के बच्चों को स्तनपान के अलावा बाहरी कोई भी चीज न दें यहाँ तक कि पानी भी नहीं। इस अवस्था में बाहरी चीज देने से संक्रमण का जोखिम बना रहता है। मां के दूध में बच्चे की जरूरत के मुताबिक पानी की मात्रा होती है, इसलिए बाहर से पानी न पिलाएं। पीएसआई इंडिया की सीनियर मैनेजर कोमल घई ने ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने 45 बच्चों की सामान्य जांच (वजन आदि) करने के साथ ही ओआरएस, जिंक, कैल्सियम और आयरन का भी वितरण किया। इस अवसर पर पीएसआई इंडिया से अजय कुमार, चोब सिंह, आरकेएसके काउंसलर अमर गोपाल, अनुभा - एएनएम, फार्मासिस्ट जितेंद्र सिंह और आशा लक्ष्मी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से शिक्षक राजेस्वर सिंह चौहान, शैलेंद्र सिंह, राजेश कुमार, सीपी चौधरी, शालिनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शराब के नशे में अधेड़ की हुई मौत

## जंगली जानवर से टकराने की जताई जा रहीआशंका

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढन्दा गांव के समीप ईट भट्ठे के पास बिगत दिवस सोमवार कल सुबह रोड के किनारे एक अधेड़ व्यक्ति की लाश मिली वहीं मृतक के पास एक मोटरसाइकिल बरामद हुई प्रत्यक्ष दर्शियों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी चांदपुर विनोद कुमार पटेल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया मौजूदा लोगों एवं पुलिस प्रशासन के अनुसार घटना रात्रि समय की है जल्द ही पुलिस प्रशासन शव के सिनाख्त में जुट गया जहां शव की पहचान 55 वर्षीय छेदालाल पुत्र मोतीलाल निवासी ककोरा मजरा खदरी थाना जाफरगंज के रूप में हुई प्रशासन ने परिजनों को सूचना दी जहां सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया की छेदालाल अपने रिश्तेदारों के यहां तारनडेरा गया था जहां से देर रात्रि वापस हो रहा था स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक नशे का आदी था घर में मृतक के अलावा पत्नी रमदेइया समेत 4 संतान है वही थाना प्रभारी चांदपुर ने बताया कि व्यक्ति नशे का आदी था हो सकता है तारन डेरा से वापसी समय नशे में हो या किसी जंगली जानवर से टकराव हो गया हो जिसका कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात स्पष्ट हो पाएगा शव का पंचनामा करते हुए शव को विच्छेदन ग्रह फतेहपुर के लिए रवाना कर दिया गया है रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# पारस की उम्र पर कोर्ट ने फैसला किया सुरक्षित

**अब सोमवार को तय होगा किस कोर्ट में चलेगा केस, प्रतिवादी पक्ष का दावा मजबूत**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, कपसाड़ कांड के आरोपी पारस सोम की उम्र से जुड़ी याचिका पर बहस पूरी हो गई है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना और उसके बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी।प्रतिवादी पक्ष का दावा है कि केस जेजे बोर्ड में ही ट्रांसफर होगा। पहले एक नजर पूरे मामले पर मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम कपसाड़ में 8 जनवरी को इसी गांव का पारस सोम खेत पर मां सुनीता के साथ काम कर रही रूबी को अगवा करने पहुंचा। सुनीता ने विरोध कर दिया। आरोप है कि पारस ने उसी की बलकटी छीनकर उस पर वार किया और रूबी को अगवा कर फरार हो गया।बाद में सुनीता की अस्पताल में मौत हो गई थी। पारस जेल में है। उसके अधिवक्ताओं संजीव राणा, बलराम सोम और विजय शर्मा ने वारदात के वक्त पारस को नाबालिग बताते हुए कोर्ट से उसका केस जेजे बोर्ड में ट्रांसफर करने की मांग उठाते हुए याचिका दायर कर दी। सर्टिफिकेट में आरोपी पारस नाबालिगकपसाड़ कांड कई दिन तक चचाओं में रहा। इसी बीच तीन अधिवक्ताओं का एक पैनल सामने आया और उसने पारस की जन्मतिथि 11-5-2008 बताते हुए मामले की सुनवाई जेजे बोर्ड के अंतर्गत करने की याचिका दायर कर दी।

14 जनवरी को यह याचिका दायर की गई, जिसे कोर्ट ने स्वीकार भी कर लिया। एडवोकेट संजीव राणा का दावा है

# जीएसटी कमिश्नर के भाई से 30 लाख की ठगी

## मेरठ में सस्ती जमीन दिलाने के नाम पर झांसा, चेक बाउंस होने पर खुलासा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , रोहटा थाना क्षेत्र में सस्ती जमीन दिलाने का लालच देकर जीएसटी कमिश्नर के भाई से 30 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि पैसे लौटाने के बजाय आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। इन्वेस्टमेंट के नाम पर लिया पैसा जानकारी के मुताबिक, गांव डूंगर निवासी वीर सिंह जीएसटी विभाग से कमिश्नर पद से सेवानिवृत्त हैं। उनके छोटे भाई मुकेश वर्मा जमीन की खरीद-फरोख्त का काम करते हैं। करीब दो साल पहले गांव लाहौरगढ़ निवासी धर्मेंद्र त्यागी उर्फ धर्मा मुकेश के पास आया और कलीना गांव में 25 बीघा जमीन का सौदा होने की बात कही। उसने जल्द मोटा मुनाफा होने का भरोसा दिलाकर मुकेश को निवेश के लिए तैयार कर लिया। तीन किस्तों में दिए 30 लाख मुनाफे के लालच में मुकेश ने धर्मा के खाते में तीन बार में कुल 30 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जमीन का बैनामा एक साल के भीतर करने की बात तय हुई थी। बैनामे को लेकर हुआ विवाद समय आने पर धर्मा ने कहा कि जमीन का बैनामा उसके नाम होगा। इस पर मुकेश ने आपत्ति जताई और दोनों के बीच विवाद हो गया। मामला बढ़ने पर पूर्व विधायक जितेंद्र सतवाई और अन्य लोगों की मौजूदगी में धर्मा ने रकम लौटाने का लिखित वादा किया और चार माह बाद की तारीख का 30 लाख रुपये का चेक दिया। चेक बाउंस, कोर्ट पहुंचे पीड़ित 15 दिसंबर को जब मुकेश ने चेक बैंक में लगाया, तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद उन्होंने एसएसपी से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर धर्मेंद्र त्यागी उर्फ धर्मा के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया गया है। पहले भी दर्ज है मुकदमा सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने बताया कि धर्मेंद्र त्यागी के खिलाफ पहले भी जालसाजी का मामला दर्ज है। फिलहाल आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

# राशन लदी गाड़ी रात में पकड़ीं, दिन होते ही छोड़ी

**मेरठ में आपूर्ति विभाग ने नहीं दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस बोली- आपूर्ति विभाग ने रोकी थीं गाड़ियां**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,अवैध रूप से सप्लाई किए जा रहे सरकारी चावल लदी तीन गाड़ियां रात आपूर्ति विभाग की टीम ने पकड़कर पुलिस की सुपुर्दगी में दे दी। सुबह टीम को सब कुछ ओके मिला, जिसके बाद ट्रकों को छोड़ दिया गया। आपूर्ति विभाग की कार्रवाई सवालों के घेरे में है। एसओ इंचौली जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रात आपूर्ति विभाग की टीम ने उनके क्षेत्र में तीन ट्रक पकड़े। टीम को सूचना मिली थी कि सरकारी राशन गलत तरीके से बिजनौर सप्लाई किया जा रहा है। ट्रक रुकने के बाद तलाशी ली गई तो वास्तव में बड़ी संख्या में सरकारी चावल के कट्टे उसमें मौजूद थे।पुलिस की सुपुर्दगी में दी गाड़ियांचालक व परिचालक से राशन से जुड़े कागजात मांगे गए तो वह दिखला नहीं पाए। इसके बाद आपूर्ति विभाग की टीम ने तीनों ट्रक पकड़कर इंचौली थाना पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिए। आपूर्ति विभाग की टीम का कहना था कि गैरकानूनी तरीके से राशन बिजनौर की फैक्ट्री में भेजे जाने की सूचना मिली थी। एसओ जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रात को आपूर्ति विभाग की टीम ने ट्रक पकड़कर थाने के बाहर खड़े करवा दिए थे। सुबह टीम पहुंची और सबकुछ ओके होने की बात कहकर ट्रक छुड़वा दिए। इसके बाद चालक ट्रक लेकर वहां से चले गए। कार्रवाई को लेकर तरह तरह की चर्चा चर्चा है कि एक व्यक्ति के द्वारा यह सूचना आपूर्ति विभाग को दी गई थी, जिसके बाद ट्रक पकड़ लिए गए

# सेवानिवृत्ति कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

अमन लेखनी समाचार



ललितपुर- कोषागार पेंशनर्स कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशन एसोसिएशन शाखा ललितपुर की मासिक बैठक जे के सिंह सेवानिवृत वाणिज्य कर अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें दिनांक 17.12.2025 को वार्षिक पेंशन दिवस का जो आयोजन कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया था जिसमें उठाए गए बिंदुओं में जल संस्थान के सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन, वर्ष 2008 से लम्बित वन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एरियर, स्वास्थ विभाग में किडनी रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने के कारण तथा दिए गए ज्ञापन में बेसिक शिक्षा विभाग के 2006 से 2015 तक के सेवानिवृत्त शिक्षकों को नोडल वेतन वृद्धि के संबंध में , ब सिचाईं विभाग से सेवानिवृत अमर सिंह पाल चौकीदार के पेंशन प्रकरण पर त्वरित कार्रवाई हेतु तथा सेतु निगम द्वारा बनाए गये देवगढ़ पुल के दोनों तरफ रोड अब तक न बनाए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया गया था तथा यह अपेक्षा की गई थी कि इन बिंदुओं पर शीघ्रताशीघ्र प्रगति के तथ्यों से अवगत कराया जाएगा। किंतु लगभग दो माह का समय व्यतीत होने के बाद भी संगठन को कृत कार्यवाही से अवगत नहीं कराया गया है और न ही माननीय जिलाधिकारी महोदय ललितपुर के संज्ञान में लाकर कोई कार्यवाही की गई प्रतीत नहीं होती है जिसे तुरन्त संबंधित विभागों द्वारा कोई कार्यवाही न होने की दशा में पेंशनरों द्वारा आन्दोलन की घोषणा कर शासन स्तर एवं प्रांतीय स्तर पर लिखित कार्यवाही की जाएगी।बैठक में सभी सदस्यों के अतिरिक्त श्री एजाज अली, हजारी लाल पाल, डॉक्टर आर सी जगरिया, तिलकराम कौशिक, गंगाराम शर्मा, हरीश तिवारी, पुरुषोत्तम तिवारी, दिनेश चंद अध्यापक, हबीब खान, सुरेन्द्र कुमार जैन, मीडिया प्रभारी, अशोक कुमार मिश्रा ,कैलाश शर्मा, हरीशंकर सोनी, महेंद्र जैन कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे। सभा का संचालन एवं आभार आत्मा राम रिछारिया जिला सचिव द्वारा किया गया।

# स्क्रैप कारोबारी का शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम

## पुलिस अफसरों को मौके पर बुलाने पर अड़े, भारी तनाव, सीओ के समझाने पर हटे

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, नौचंदी थाना क्षेत्र के जैदीफार्म में हुई असलम की हत्या से परिजनों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद असलम का शव जैसे ही घर पहुंचा, उन्होंने उसे सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। देखते ही देखते भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए। जाम की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। परिजन अफसरों को मौके पर बुलाने पर अड़े हैं। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी पहुंचे और किसी तरह परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया। देर शाम एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पहले एक नजर वारदात पर नौचंदी थाने से महज 50 कदम की दूरी पर जैदी फार्म इलाका शुक्रवार को गोली की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। यहां कुछ हमलावरों ने स्क्रैप कारोबारी असलम पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिसमें उसकी मौत हो गई। इस घटना में शोएब नाम का एक अन्य युवक भी घायल हुआ, जिसका उपचार चल रहा है। डेढ़ साल पहले अरशद नाम की युवक की हत्या की गई थी। बताया जाता है कि उसी का बदला लेने के लिए असलम को मारा गया है। इस वारदात के बाद से क्षेत्र में तनाव है। दोस्त शोएब संग खड़ा था असलम पुलिस की मानें तो असलम शुक्रवार को जैदी फार्म की गली नंबर चार के बाहर अपने दोस्त शोएब के साथ खड़ा बात कर रहा था। इसी दौरान हमला हो गया। चार से पांच गोली असलम को लगी और वह जमीन पर गिर गया। शोएब के कंधे में भी एक गोली लग गई। हमलावर भाग निकले। आनन फानन में दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से असलम की नाजुक हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया गया। रात में असलम की मौत हो गई, जिसके बाद तनाव बढ़ता चला गया। सिर और कंधे में लगी गोलियां फायरिंग में असलम के सिर, कमर, पेट और कंधे में 4 गोलियां लगीं, जबकि शोऐब के कंधे में एक गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। असलम को दिल्ली रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी रात 10 बजे मौत हो गई। वहीं शोएब का इलाज मेरठ में ही चल रहा है। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस घटना को लेकर हुई फायरिंग पुलिस के अनुसार, जैदी फार्म निवासी 35 वर्षीय हिस्ट्रीशीटर अरशद पुत्र हाजी अमीर अहमद और पड़ोसी बिलाल पुत्र इमरान दोनों ही सलमान गैंग में काम करते थे। दोनों में पहले अच्छी दोस्ती थी। कालोनी में वर्चस्व को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

# रामजानकी मार्ग पर गड्ढों ने ली एक और जानलेवा करवट, युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

बड़हलगंज, गोरखपुर।क्षेत्र में जर्जर सड़कों और प्रशासनिक अनदेखी का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। महुलिया पोयल निवासी राम दयाल चौरसिया (पुत्र स्व. भोला चौरसिया), जो गांव में सब्जी बेचने का कारोबार करते हैं, सुबह मंडी से सब्जी लेकर ई-रिक्शा से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनका ई-रिक्शा जाईपार के पास राम जानकी मार्ग पर पहुंचा, सड़क पर मौजूद गहरे गड्ढों में फंसकर असंतुलित हो गया और पलट गया। हादसे में राम दयाल चौरसिया का हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया, जिससे हाथ की हड्डी टूटकर बाहर निकल आई, जबकि ई-रिक्शा चालक सन्नी गोंड भी घायल हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्कालसामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़हलगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद राम दयाल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि राम जानकी मार्ग पर जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे बने हुए हैं। इन गड्ढों की शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, जिससे यह मार्ग दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है।

# महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह जी की स्मृति में संस्थापक प्रकाशोत्सव पर्व का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर/एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के आदि संस्थापक महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह जी की स्मृति में संस्थापक प्रकाशोत्सव पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान जहाँ महाविद्यालय परिवार द्वारा उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया वहीं स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को स्वर्ण पदक व 10-10 हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। प्रकाशोत्सव पर्व का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व विधायक मंगलदेव सिंह, महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव रिटायर्ड कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय, संयुक्त सचिव बी के सिंह व प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने स्वर्गीय महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। इसके पूर्व महाविद्यालय की छात्रा शगुन ने स्वस्तिवाचन तथा महाविद्यालय के कुलगीत की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक मंगलदेव सिंह ने कहा कि किसी भी शैक्षिक संस्थान की मुख्य धुरी वहां की प्रबंध समिति, प्राचार्य ,शिक्षक व छात्र-छात्राये होती हैं। शिक्षक और छात्र ही अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करके उस संस्थान को उत्कृष्टता तक पहुचाते हैं। शिक्षा का मूल उद्देश्य है कि वह छात्र-छात्राओं में मानवीय मूल्यों का निर्माण करें। सचिव प्रबंध समिति रिटायर्ड कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय ने आदि संस्थापक को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इस तराई अंचल में जब दूर दूर तक कोई भी शैक्षिक संस्थान नहीं थे तब आदि संस्थापक ने अपने जनता को यह शिक्षालय दिया था। ऐसे में हम सभी का कर्तब्य है कि इसकी प्रतिष्ठा व गरिमा को सदैव स्थापित रखें। संयुक्त सचिव बी के सिंह ने कहा कि जिस उद्देश्य के साथ आदि संस्थापक महाराजा साहब ने इस संस्थान को बनाया था उस उद्देश्य के लिए सदैव प्रयासरत रहना ही आदि संस्थापक के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने भी अपना श्रद्धांजलि उद्बोधन दिया।

# सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज श्यामनगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**700 छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ**

अमन लेखनी समाचार



फर्रूखाबाद. सड़क सुरक्षा माह (01 से 28 फरवरी 2026) के अंतर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, श्यामनगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एआरटीओ-प्रवर्तन ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन सवार, साइकिल सवार एवं पैदल यात्री अधिक प्रभावित होते हैं, इसलिए हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग, ओवरलोडिंग न करना, नशे या मोबाइल का उपयोग कर वाहन न चलाना तथा यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है

## किसान यूनियन टिकैत ने उठाई जलभराव और सड़क निर्माण की मांग

अमन लेखनी समाचार

बिलग्राम,हरदोई।भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने बिलग्राम विकासखंड अधिकारी को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। तहसील अध्यक्ष शिवकुमार वाजपेई के नेतृत्व में किसानों ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर ध्यान दिलाया, जिसमें जलभराव और मार्ग निर्माण शामिल हैं।पहली मांग दुर्गागंज के सरोना मजरे की है, जहां शिवशरण के घर से हरी शुक्ला के घर तक रास्ते में पानी जमा रहता है।इससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है।किसानों ने यहां पक्की सड़क बनवाने की मांग की।दूसरी समस्या कोइलरा गांव की है। यहां आरसीसी सड़क बनने के बावजूद नाली न होने से बारिश का पानी सड़क पर भर जाता है। यूनियन ने जल निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग रखी।तीसरी मांग बेहटा बुजुर्ग से जुड़ी है। यहां इंटरलॉकिंग सड़क और नालियां बनी थीं, लेकिन कुछ लोगों ने नालियों में मिट्टी भरकर बंद कर दीं। इससे गंदा पानी सड़क पर ठहर जाता है।किसानों ने नालियों की सफाई और स्थायी समाधान की मांग की।

## न्यायालय के आदेश पर चार पर मारपीट की रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर,हरदोई।कोतवाली क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव निवासी देवेंद्र सिंह 50 वर्ष पुत्र महेंद्र सिंह ने गांव के ही चार लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।दर्ज कराई गई रिपोर्ट में देवेंद्र सिंह ने बताया कि 3 दिसंबर 2025 को वह अपने बहनोई के पिता के अंतिम संस्कार कराकर घर वापस जा रहे थे।तभी गॉव पहुंचने पर जमीन की पुरानी रंजिश में गांव के रघुवीर सिंह, उनके भाई चक्रपाल सिंह, पुत्र आलोक सिंह, भतीजे अवनीश सिंह गाली गलौज करने लगे।मना करने पर ईटा पत्थर व लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिससे उनके सिर में ईंटा लग जाने के कारण गंभीर चोटे आयी हैं। शोरगुल करने पर गांव के काफी लोगों ने आकर बचाया।इस मामले में उन्होंने थाने में तहरीर दी। पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।केवल डॉक्टरी परीक्षण कराया गया।विपक्षीगणों ने पुलिस से मिलकर उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया।बाद में पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र दिया गया।

# परम संतोषी ब्राह्मण थे भक्त सुदामा - साधना श्रीजी

### आज होगा सामूहिक कन्या विवाह एवं प्रख्यात कवियत्री अनामिका जैन 'अम्बर' का काव्य पाठ का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गुरसरांय। दिव्य प्रेम सेवा मिशन झांसी अंचल के तत्वावधान में आयोजित बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत के सातवें दिन भगवान के परम मित्र सुदामा जी के चरित्र का वर्णन एवं गंगा आरती के साथ समापन हो गया।बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव में अतिथि के रूप में झारखंड देवघर से पधारे आचार्य प्रदीप जी, अयोध्या धाम से वामन मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज, डा. आशीष गौतम भैया राष्ट्रीय अध्यक्ष, संजय भैया कार्यकारी अध्यक्ष, राघवेन्द्र जी राष्ट्रीय सह संयोजक, मुकेश गोयल आगरा अंचल, उमेश निगम राष्ट्रीय मंत्री, श्याम बिहारी गुप्ता अध्यक्ष गौ सेवा आयोग उपस्थित रहे। वृन्दावन धाम से पधारीं कथा वाचिका साधना श्रीजी (देवी महेश्वरी) ने कहा कि जो जीवन मे संतुष्ट रहता है, वह परम धनवान होता है। सुदामा जी परम संतोषी ब्राह्मण थे। उन्होंने गुरुओं का वर्णन करते हुए कहा कि शिक्षा के अनेक गुरु हो सकते है, लेकिन दीक्षा एक से ही लेनी चाहिए भगवान को प्राप्ति के लिए भक्ति मार्ग सबसे सरल मार्ग है। कलयुग में भगवान का नाम जप ही मुक्ति का साधन है। बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव में श्री विष्णु महायज्ञ यज्ञाचार्य ज्ञानेन्द्र शास्त्री अयोध्या के सानिध्य में यज्ञ कराया जा रहा। संगीतमय कथा में आचार्य दीपक तिवारी, मुख्य गायक सचिन ब्रजवासी, विशाल वृन्दावनी, सह गायक दीपक शर्मा, ढोलक पर सौरभ कौशिक, बेंजो पर सोनू भाई, पैड पर स्वयं कौशिक, संचालन आर धर्मेंद्र मधुर संगत दे रहे। सातवें दिन श्रीमद्भागवत कथा की आरती कर व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त करने वालों में हरिश्चंद्र रावत जिलाध्यक्ष ललितपुर, आशीष मिश्रा ऊरई, अरविन्द चौहान, अशोक राजपूत, नरेंद्र राजपूत, अनिरुद्ध सिंह, बब्बू राजा ललितपुर, राघवेन्द्र व्यास, पूर्व एमएलसी श्याम सुंदर सिंह पारीछा, हर प्रसाद पटेल, जनक सिंह गौर, प्रवेन्द सिंह चौहान, स्वदेश मिश्रा, शत्रुघ्न सिंह, अनिल तिवारी, पवन स्वामी, सहजेन्द सिंह बघेल, वीर बहादुर सिंह, राजेश सिंह यादव, दीपक चौबे, देवेन्द्र गुप्ता, सहित आदि लोग शामिल रहे। आये हुये अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम के संयोजक डा. जगदीश सिंह चौहान, सह संयोजक केशव सिंह परिहार एवं अपर्णा वीरांगना राष्ट्रीय संयोजक मातृ शक्ति ने किया तथा संचालन झांसी अंचल के सह संयोजक बद्री प्रसाद त्रिपाठी ने किया। भागवत कथा के यजमान संध्या जितेन्द्र सिंह परिहार रहे। इस अवसर पर उमाशंकर विदुआ, राजू कछवाह धनौरा, सुखदेव सिंह दीपू अस्ता, अमित प्रताप भदौरिया, जाहर सिंह पटेल, राजू सेंगर, मनीष यादव सेमरी, रामसिंह पटेल, मानवेन्द्र सिंह माना प्रधान, नाती राजा भदौरिया, चन्द्रभान सिंह ब्लाक प्रमुख बामौर, अज्जू पटेल, संजय गुप्ता, राजीव अड़जरिया, मंटू पाठक, सुरेश पटेल, विजय सिंह अस्ता, अंकित प्रताप सिंह सेंगर, अमित प्रताप सिंह सेंगर, संजीव पटैरिया, सत्य प्रकाश तिवारी, सोनू विश्वकर्मा, अभिषेक तिवारी, पुल्ले दाऊ, देवराज सिंह चौहान, अभिनव मिश्रा, अभिषेक प्रताप सिंह परिहार, कृष्णा ठाकुर, श्रीराम विश्वकर्मा, एम एस गौर, मोनू महाराज, रामप्रकाश सिंह चौहान, बबलू चौहान, योगेश प्रताप सिंह चौहान, कल्याण सिंह, विजय त्रिपाठी, अजय प्रताप सिंह, रितिक सिंह, सुयश प्रताप सिंह चौहान, गोल्डी चंदेल सहित आदि लोग उपस्थित रहे। ब्लाक प्रमुख बामौर प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार ने सभी का आभार जताया।

# दो पक्षों में हिंसक झड़प महिला सहित चार घायल

### दोनों पक्षों के 11 लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।नगराम थाना क्षेत्र के सेल्हूमऊ गांव में जमीन बंटवारे को लेकर चला आ रहा विवाद रविवार देर शाम हिंसक रूप ले बैठा कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से जमकर मारपीट हुई जिसमें महिला सहित चार लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गांव निवासी मोनू और सोनू के बीच काफी समय से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा रविवार शाम इसी मुद्दे को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए पहले कहासुनी हुई जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई दोनों ओर से लाठी-डंडे और लोहे की रॉड निकल आई जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस झड़प में एक पक्ष से मोनू और उसके पिता शिवशंकर घायल हो गए जबकि दूसरे पक्ष से सोनू और उसकी मां बुधाना को चोटें आईं ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को संभाला और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची नगराम पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। नगराम थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रांग साइड, तेज गति और नशे में वाहन चलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

चोपन/सोनभद्र।रविवार को थाना चोपन परिसर में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट मोटर वाहन मालिक, गणमान्य नागरिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना एवं सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने वाहन मालिकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने वाहनों के चालकों को स्पष्ट रूप से हिदायत दें कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें।उन्होंने कहा कि कोई भी चालक वाहन को तेज गति से न चलाए, रांग साइड वाहन न चलाए तथा निर्धारित लेन का पालन अनिवार्य रूप से करे।नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इसके साथ ही प्रभारी निरीक्षक ने नशे की हालत में वाहन चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध की बात कहते हुए कहा कि नशा करके वाहन चलाना गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।साथ ही वाहन मालिकों को यह भी सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी परिस्थिति में नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति न दी जाए। नाबालिग द्वारा वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन स्वामी के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कस्बा क्षेत्र के प्रीतनगर स्थित वाहन बनाने व मरम्मत करने वाले गैरेज संचालकों को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा न करें। सड़क पर वाहन खड़े करने से आवागमन बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।ऐसे मामलों में संबंधित गैरेज संचालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि आमजन की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यातायात नियमों का पालन सभी के हित में है।उन्होंने वाहन मालिकों और आम नागरिकों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें तथा सुरक्षित एवं सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने में योगदान दें।

# कई जन्मों के पुण्यों का उदय होने पर भागवत कथा श्रवण करने का मिलता है सौभाग्य - पूजा पाठक

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

गरौठा।सोमवार को गरौठा क्षेत्र के ग्राम कचीर स्थित सिद्धपीठ श्री हनुमान जी महाराज मंदिर प्रांगण में भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ श्री रामराजा सरकार सिद्धपीठ हनुमान जी महाराज मंदिर से किया गया। कलश यात्रा में कथा परीक्षित सिर पर श्रीमद्भागवत महापुराण रखकर आगे-आगे चल रहे थे, वहीं महिलाएं मंगल कलश लेकर पीछे-पीछे चलती रहीं।डीजे, घोड़े एवं बैंड-बाजों के साथ निकली शोभायात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया।ग्राम भ्रमण के दौरान घर-घर भागवत महापुराण की आरती उतारी गई। मंदिर प्रांगण में आचार्य राहुल शास्त्री जी द्वारा विधि-विधान से कलश पूजन कराया गया। इसके बाद ग्राम भ्रमण के पश्चात कथा स्थल पर कलश यात्रा का समापन हुआ। कथा के प्रथम दिवस



भागवताचार्य बालव्यास पूजा पाठक जी ने भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई जन्मों के पुण्यों के उदय होने पर ही भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस दौरान कथा परीक्षित श्रीमती नीरज एवं विनोद गौतम द्वारा महापुराण की आरती की गई। कार्यक्रम में महंत राकेश दास जी महाराज (चकाडोरी धाम), डॉ. अरुण मिश्रा (चेयरमैन गरौठा), कुंवर शत्रुघ्न सिंह परिहार (जिला पंचायत सदस्य ककरवई), स्वतंत्र रिछारिया, पुजारी दिनेश तिवारी, महंत दुर्गेश गौतम, गुड्डू महाराज सहित रामराजा सरकार कमेटी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे। संगीत संगत में ऑर्गन पर जीतू दीक्षित, पैड पर विशाल एवं ढोलक पर मोहित कुमार ने सहयोग किया।

# पीस पार्टी का स्थापना दिवस 10 फरवरी को लखनऊ में

### सोनभद्र से सैकड़ों कार्यकर्ता होंगे शामिल

अमन लेखनी समाचार

चोपन,सोनभद्र। पीस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर 10 फरवरी को राजधानी लखनऊ के रविन्द्रालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से चारबाग स्टेशन के सामने आयोजित होगा। उक्त जानकारी पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष अतहर कुरैशी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जनपद सोनभद्र से सैकड़ों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे। सभी कार्यकताओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। अतहर कुरैशी ने कहा कि कार्यक्रम में देश और संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय, तथा कमजोर, लाचार एवं उपेक्षित वर्गों—विशेषकर पिछड़े, दलित और मुस्लिम समाज—को न्याय दिलाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यह आयोजन ऐतिहासिक होगा और पार्टी की भावी रणनीति की दिशा तय करेगा। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पीस पार्टी पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी और जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।पीस पार्टी के जिला अध्यक्ष अतहर कुरैशी की अध्यक्षता में चोपन स्थित आवास पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अय्यूब सर्जन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और कार्यकताओं, पदाधिकारियों तथा आम जनता को संबोधित करेंगे। बैठक में इरफान हमीदी, मुन्ना निशात, इम्तियाज इदरीसी, तबस्सुम जहां, आबिदा खान, मो. अनस, नंदू पाठक,चंदन सोनकर, शमसुद्दीन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'घूसखोर पंडित' वेबसीरीज पर हरदोई में आक्रोश,भाजपा जिलाध्यक्ष ने जताया विरोध

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।अपनी रिलीज से पहले ही विवादों के भंवर में फंसी वेबसीरीज ह्यघूसखोर पंडितह्न की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शीर्षक को लेकर ब्राह्मण समाज में व्याप्त भारी आक्रोश के बीच अब सत्तापक्ष ने भी मोर्चा खोल दिया है। हरदोई भाजपा जिलाध्यक्ष ने इस शीर्षक को ब्राह्मण समाज का अपमान बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है, जिसके बाद केंद्र सरकार ने इस पर कड़ा संज्ञान लिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने वेबसीरीज के नाम पर प्रहार करते हुए कहा कि इस प्रकार के आपत्तिजनक शीर्षक न केवल ब्राह्मण समाज की प्रतिष्ठा और सम्मान को ठेस पहुँचाते हैं, बल्कि यह सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने का प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्राह्मण समाज हमेशा से ज्ञान, संस्कृति और नैतिक मूल्यों का संरक्षक रहा है। ब्राह्मणों ने वेदों और सनातन परंपराओं को जीवित रखा है। मनोरंजन के नाम पर किसी समाज की सामूहिक भावनाओं को आहत करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह शीर्षक हमारी गरिमा पर प्रहार है।₹ भाजपा जिलाध्यक्ष, हरदोई यह कहना है अजीत सिंह बब्बन का मामले की गंभीरता और जनभावनाओं को देखते हुए भारत सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। सरकार ने संबंधित प्लेटफार्म और निमार्ताओं को निर्देश दिये गये। वेबसीरीज के विवादित टीजर को तुरंत हटाया जाए। इंटरनेट से सभी प्रमोशनल कंटेंट और आपत्तिजनक विज्ञापन डिलीट किए जाएं।सरकार की इस त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया है।उन्होंने इसे जनभावनाओं की जीत बताते हुए कहा कि किसी भी समुदाय के स्वाभिमान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# न्यायालय ने हत्या के आरोपी को सुनाई उम्रकैद की सजा

### अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरौठा ने सुनाया फैसला

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरौठा द्वारा थाना ककरवई क्षेत्र में एक हत्या के मामले में बड़ा फैसला सुनाया गया है। न्यायालय ने आरोपी जगदेव यादव पुत्र रतन सिंह यादव निवासी ग्राम कचीर, थाना ककरवई, जनपद झांसी को दोषी पाते हुए उम्रकैद (सश्रम कारावास) की सजा सुनाई है। प्रकरण के अनुसार वादी मुन्नालाल पुत्र स्व. परमानंद निवासी ग्राम कचीर थाना ककरवई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 22 नवंबर 2023 को आरोपी ने वादी की माता के साथ मारपीट की, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में थाना ककरवई में मु.अ.सं. 95/2023 धारा 302/457 भा.द.वि. के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता एडीजीसी दिनेश श्रीवास्तव ने पैरवी की। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए 09 फरवरी 2026 को निर्णय सुनाया। न्यायालय द्वारा आरोपी को धारा 302 भा.द.वि. के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।

## हेड कांस्टेबल समरजीत सिंह ने राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स में ट्रिपल जंप में तृतीय स्थान प्राप्त किया,एसपी ने प्रशस्ति पत्र दिया

अमन लेखनी समाचार

हरदोई में तैनात हेड कांस्टेबल समरजीत सिंह ने राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेते हुए ट्रिपल जम्प में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।इस उपलब्धि यह प्रतियोगिता तिरुवनंतपुरम में हुई थी, हेड कांस्टेबल समरजीत सिंह ने ट्रिपल जंप में भाग लिया और तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की।सोमवार 10 बजे पुलिस ऑफिस में पुलिस अधीक्षक महोदय अशोक कुमार मीणा द्वारा समरजीत सिंह को प्रदत्त प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।समरजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने लगातार अभ्यास किया और अधिकारियों ने उन्हें पूरा सहयोग दिया जिसकी वजह से उन्हें यह सफलता मिली है।

# शासन प्रशासन के संरक्षण में मानकों की धज्जियां उड़ाते धड़ल्ले से बेखौफ चल रहे ऑटो

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद(हरदोई): शाहाबाद से शाहजहांपुर, हरदोई , पिहानी, पाली व शिरोमननगर आदि गंतव्यों तक सवारी ढोने वाले ऑटो, टैंपो व ई रिक्शा में मानक के इतर ठूसा ठूस सवारियां भर कर ले जाने और लाने का सिल सिला थामने का नाम ही नही ले रहा है।अभी विगत दिनों में बिलग्राम तहसील क्षेत्र अंतर्गत हुए भयंकर हादसे से भी कोई सबक लेता नजर नहीं आ रहा है। आटो, टैंपो एवं ई रिक्शा चालकों पर कोई फर क्यों नही पद रहा आखिर ज्यादा सवारियों को भरकर ले जाने की ललक धन पैदा करने की सनक के कारण होने वाली आकस्मिक हादसों का शिकार हो रहे है और पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस बेबस नजर आ रही है?

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऑटो व टैंम्पो चालकों को ज्यादा सवारियां भरने के लिए पुलिस को समझना पड़ता है, जिसके कारण हरदोई, शाहजहांपुर व पाली आदि मार्गों पर धड़ल्ले के साथ परमिट के मानकों की धज्जियां प्रतिदिन उड़ाई जाती है और पुलिस थानों के सामने से बेखौफ धड़धड़ाते सीना चौड़ा कर ठूसा ठूस सवारियां भरकर नगर के चौराहों पर मामू की संज्ञा से नवाजे जाने वाले क्षमता से अधिक सवारियां ले जा रहे हैं किसके संरक्षण में जिले का कौन जिम्मेदार है जो जबान दे कि परमिशन से ज्यादा सावरिया। क्यों ढोई जा रही हैं। क्यों परिवहन विभाग की बसे खाली सरपट दौड़ लगा रही है? और जल्दी सवारियों को छोड़ने की भागम भाग में होती घटनाएं जिसका आखिर जिम्मेदार, जिम्मेदार नहीं तो कौन है?

लगातार शाहाबाद से पाली व रूपापुर तक चलने वाले ऑटो 12 से 15 सबारी वैठाकर बिना भय के निरंतर अब भी चल रहे है जब कि अभी बिलग्राम रोड पर हुए भीषण हादसे ऑटो व डी सी एम की टक्कर से मृतको की चिता की आग ठंडी नहीं हो पायी उसकी सीख लेकर भी नहीं चेत रहे है ऑटो चालक और परमीशन देने वाले व संरक्षण प्रदाताओं की स्वहितकारी मानसिकता से ग्रसित जिम्मेदारों को शर्म भी नही आती कि विगत दिनों में हुए एक हादसे ने ऑटो में सवार कुल सवारियों में से 80 प्रतिशत लोगों को लील लिया फिर भी शासन प्रशासन जिले के जिम्मेदार हाथ पर हाथ रखे असहाय व वेवश से प्रतीत हो रहे है? मानक के अनुरूप से अधिक ऑटो टैंम्पो एवं ई रिक्शा में सवारियां को ले जाने की छूट क्यों दी जा रही है?

# अजब संडीला का गजब खेल,प्रधान जी का 'मायावी' खड़ंजा, सुबह बिछा और शाम को 'छूमंतर'!

अमन लेखनी समाचार

संडीला,हरदोई। कहते हैं कि राजनीति में जो दिखता है वो होता नहीं, और जो होता है वो दिखता नहीं। लेकिन संडीला ब्लॉक के ग्राम पंचायत महगवां की प्रधान जेबा परवीन पत्नी मुन्ना अंसारी ने तो इस कहावत को एक कदम आगे बढ़ा दिया है। उन्होंने गांव में ऐसा 'जादुई खड़ंजा' लगवाया जो शिकायतों की तपिश और जांच की आहट पाते ही सड़क से गायब हो गया।मामला बड़ा दिलचस्प है। प्रधान जी ने बड़े उत्साह के साथ सड़क पर खड़ंजा बिछवाना शुरू किया। लेकिन विकास की इस चमक में 'पीली ईंटों' का ग्रहण लग गया।जैसे ही ग्रामीणों ने घटिया सामग्री की शिकायत की और जांच की तलवार लटकी, प्रधान जी के हाथ-पांव फूल गए।आनन-फानन में बिछा-बिछाया खड़ंजा रातों-रात खुदवा लिया गया। अब सड़क पर ईंटें नहीं, सिर्फ प्रधान जी की 'साख' के गड्ढे बचे हैं।जब खड़ंजा उखाड़ने पर ग्रामीणों ने शोर मचाया, तो प्रधान पक्ष की ओर से एक ऐसा तर्क आया जिसे सुनकर न्यूटन भी अपनी कब्र में करवट बदल लें।₹साहब, इस सड़क का तो बजट ही नहीं था। ये तो हमने अपनी जेब से, जनता के प्यार में ईंटें बिछवाई थीं। अब जब सरकारी पैसा नहीं मिला, तो हमने अपना सामान समेट लिया।₹वाह! यानी प्रधान जी 'चैरिटी' भी कर रहे थे और जब जांच की बारी आई तो 'निजी संपत्ति' का बोर्ड लगा दिया। धन्य है यह लोक सेवा!हैरानी की बात यह है कि संडीला के खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत की नाक के नीचे यह 'बिछाने और उखाड़ने' का खेल चलता रहा, लेकिन कार्रवाई के नाम पर ढाक के वही तीन पात।वीडियो प्रतिमा शर्मा ने की माने तो सड़क का न कोई एस्टीमेट था,न बजट।जांच इस बात की होगी कि आखिर प्रधान जी ने खड़ंजा बिछाया ही क्यों और फिर उसे हटाया क्यों??प्रधान जी की इस 'नूरा-कुश्ती' में पिस रही है महगवां की जनता।पहले पीली ईंटों के सहारे चलने की उम्मीद जगी थी, अब सड़क खुद जाने के बाद वहां सिर्फ कीचड़ और गड्ढे बचे हैं। लोग परेशान हैं कि ये विकास हो रहा है या 'डिजास्टर मैनेजमेंट' का कोई लाइव डेमो चल रहा है।क्या बिना एस्टीमेट के सरकारी जमीन पर कोई भी ईंटें बिछाकर उसे अपनी निजी संपत्ति बताकर उखाड़ सकता है? और क्या प्रशासन इस 'ईंट-पत्थर' के खेल में सिर्फ दर्शक बना रहेगा

# पटेल पार्क जीर्णोद्धार में अनियमितता का आरोप, जांच और कार्य रोकने की मांग

अमन लेखनी समाचार

हरदोई,पिहानी।पिहानी कस्बे के पटेल पार्क (पूर्व नाम तीन बंदर पार्क के प्रस्तावित जीर्णोद्धार कार्य को लेकर नगर में विवाद खड़ा हो गया है।मोहल्ला नागर निवासी अफजाल अहमद ने जिलाधिकारी हरदोई को प्रार्थना पत्र देकर पार्क के जीर्णोद्धार में संभावित अनियमितता और भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए कार्य पर तत्काल रोक लगाने तथा स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि वर्ष 2019 में तत्कालीन नगर पालिका प्रशासन द्वारा पार्क का सौंदर्यीकरण लगभग 98 हजार रुपये की लागत से कराया गया था, जबकि अब उसी पार्क के जीर्णोद्धार के लिए करीब 26.5 लाख रुपये का प्रस्ताव पारित किया गया है, जो एक छोटे पार्क के लिए अत्यधिक प्रतीत होता है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि कस्बे में जलभराव, टूटी सड़कों और खराब नालियों जैसी मूलभूत समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं, ऐसे में इतनी बड़ी धनराशि पार्क पर खर्च करना जनहित की प्राथमिकताओं के विपरीत है। उन्होंने निविदा प्रक्रिया, लागत अनुमान और पूर्व कार्यों के रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी की है।प्रार्थना पत्र में यह भी अनुरोध किया गया है कि यदि जांच में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाए।इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है। स्थानीय नागरिकों में भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा जारी है और अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

# बिलग्राम में अरबी-फारसी बोर्ड परीक्षाएँ शुरू, शांतिपूर्ण माहौल में विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

अमन लेखनी समाचार

बिलग्राम, हरदोई।नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में अरबी-फारसी बोर्ड की परीक्षाएँ शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हो गईं। क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और मदरसों से विद्यार्थी मुंशी, मौलवी, आलिम और फाज़िल की परीक्षाएँ देने उत्साह के साथ पहुँचे।पहली पाली में पंजीकृत 113 विद्यार्थियों में से 24 अनुपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में 26 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र पर अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समुचित व्यवस्थाएँ की गई हैं। कॉलेज की प्रिंसिपल ममता कन्नौजिया ने बताया कि परीक्षाएँ सहायक केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में सुचारु रूप से कराई जा रही हैं, ताकि सभी छात्र निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा दे सकें।हालाँकि इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कुछ कम देखी गई। शिक्षकों का मानना है कि बदलते शैक्षणिक रुझानों के कारण अरबी और फारसी भाषाओं के प्रति छात्रों की रुचि में कमी आई है। फिर भी जो विद्यार्थी इन भाषाओं का अध्ययन कर रहे हैं, वे पूरे मनोयोग से परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।शिक्षाविदों के अनुसार अरबी और फारसी भाषाएँ हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए इनके अध्ययन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। स्थानीय स्तर पर भी प्रयास किए जा रहे हैं कि अधिक से अधिक छात्र इन भाषाओं के महत्व को समझें और आगे आएँ।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## सिद्धांत ने मृणाल पर बरसाए फूल

मुंबई। मृणाल इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में दिखाई देंगे। मृणाल और सिद्धांत अपनी मूवी के प्रमोशन के लिए मुंबई में एक इवेंट में पहुंचे थे। इस बीच सिद्धांत ने एक नहीं, दो बार मृणाल पर फूलों की बारिश की। एक बार तब, जब वे इवेंट के दौरान फैंस से बातचीत कर रहीं थीं और दूसरी बार स्टेज पर। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। फैंस इस वीडियो पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। इन दिनों अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी फिल्मों से लेकर पर्सनल लाइफ तक को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम अभिनेता धनुष के साथ जोड़ा जा रहा था। यही नहीं यहां तक कहा जा रहा था कि मृणाल और धनुष वैलेंटाइन डे के मौके पर 14 फरवरी को शादी करने वाले हैं।

लाइफ Style



# नोरा

## परफॉर्म करने के बाद मनाया जन्मदिन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोरा फतेही ने पहले परफॉर्म किया है। इसके बाद उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया है। इसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने एक पोस्ट लिखी है।

अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही ने शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। इसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर इसका वीडियो शेयर किया है और एक पोस्ट लिखी है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 'एक तो कम जिंदगानी', 'गर्मी', 'स्नेक' और 'वन्दे मातरम्' गाने पर शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने सबसे आखिर में एक वीडियो शेयर किया जिसमें देखा जा सकता है कि वह परफॉर्म करके वापस आईं। उनके साथियों और करीबियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने लोगों का शुक्रिया अदा किया, केक पर लगी मोमबत्ती बुझाई और कई लोगों को हग किया। परफॉर्मेंस और जन्मदिन मनाने का वीडियो शेयर करते हुए नोरा फतेही ने लिखा 'टी20 वर्ल्डकप की ओपनिंग सेरेमनी और मेरे जन्मदिन का सेलेब्रेशन, वाह। मैं खुशनसीब हूं। जय हिंद।' 6 जनवरी 1992 को जन्मीं नोरा फतेही मोरक्को मूल की भारतीय अभिनेत्री और डांसर हैं। वह बॉलीवुड की फिल्म 'रोर' 'स्ट्रीट डांसर 3डी' और 'बी हैप्पी' जैसी फिल्मों में नजर आई हैं।

हॉलीवुड मसाला




## 59 साल की उम्र में करेंगी चौथी शादी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस हैली बेरी जल्द ही शादी कर सकती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी सगाई की बात को कंफर्म किया। हाल ही में 'द टुनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन' में हैली बेरी ने बताया कि वह वैन हंट संग शादी करेंगी। लेकिन यह शादी कब होगी इस बारे में उन्होंने कहा, 'जब वैन ने मुझसे शादी के लिए पूछा तो मैंने हां कर दी। लेकिन अभी हमारे पास शादी की तारीख को लेकर कोई अपडेट नहीं है। लेकिन मैं उनसे शादी जरूर करूंगी।' यह सुनकर शो में बैठे हुए हैली बेरी के फैंस काफी खुश हुए।



## एआई का जादू! टाइटैनिक में ऐश्वर्या-राजेश बने जैक एंड रोज़

मुंबई। आजकल एआई हर फील्ड में एंट्री मार चुका है और लोग इसका भरपूर इस्तेमाल भी कर रहे हैं। एआई की मदद से अब न सिर्फ अतीत को भी देखा जा सकता है, बल्कि इससे अब फिल्में भी बनाई जाने लगी हैं। हालांकि, एआई का दुरुपयोग भी खूब हो रहा है, पर कई बार इसकी मदद से बनी कई ऐसी चीजें सामने आ जाती हैं, जो हैरान कर देती हैं। जैसे कि 'टाइटैनिक' का ये वीडियो, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अगर 'टाइटैनिक' बॉलीवुड में बनती और इसे ऐश्वर्या राय और राजेश खन्ना के साथ बनाया जाता, तो फिल्म कैसी होती, यह एआई की मदद से दिखाया गया है। एआई की मदद से इस वीडियो में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि अगर 'टाइटैनिक' में ऐश्वर्या राय, रोज का किरदार निभातीं और राजेश खन्ना, जैक का किरदार, तो फिर वो कैसे लगते।



## कलाकार को काम के घंटे तय करने का हक हो

मुंबई। अदिति राव हैदरी फिल्मों में अलग-अलग जॉनर के किरदार निभाती हैं। सोशल इश्यूज पर बनी फिल्में भी उन्होंने की हैं। असल जिंदगी में भी वह कई मुद्दों पर अपनी बात रखती हैं। हाल ही में उन्होंने इंडस्ट्री में लंबे काम के घंटों पर अपना नजरिया बताया है। अदिति राव हैदरी कहती हैं, 'मुझे लगता है कि यह हर व्यक्ति की अपनी पसंद है। अगर कोई कलाकार तय घंटे तक काम करना चाहता है, तो यह उसका पूरा हक है। अगर कोई अलग तरह से काम करना चाहता है, तो वह भी उसकी अपनी पसंद है।' वह आगे कहती हैं, 'फिलहाल मैं अपनी जिंदगी और अपने करियर के उस दौर में हूं, जहां जरूरत से ज्यादा घंटे काम कर रही हूं। लेकिन कुछ दिन ऐसे होते हैं, जब सच में महसूस होता है कि एक्टर से अच्छा काम लेने के लिए उसको रिलैक्स रखना जरूरी होता है।




## ओ रोमियो का गाना पान की दुकान रिलीज

मुंबई। शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' की रिलीज पर रोक नहीं लगी है और ये 13 फरवरी को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले, इसका गाना 'पान की दुकान' खूब धूम मचा रहा है। इसमें शाहिद कपूर और दिशा पाटनी हैं और उनकी केमेस्ट्री भी जबरदस्त है। शुक्रवार को मुंबई में अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' के गाने 'पान की दुकान' के लॉन्च के दौरान शाहिद कपूर को अचानक फैंस की भीड़ का सामना करना पड़ा। एक्टर ने कुछ लोगों को मंच पर आने के लिए इनवाइट किया था। देखते ही देखते, कई और लोग ऊपर चढ़ गए और उनके चारों ओर जमा हो गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अलग किया। वे कुछ देर के लिए मंच से हट गए, फिर वापस आकर कार्यक्रम में शामिल हुए। यह घटना तब घटी जब शाहिद तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म का प्रचार कर रहे थे।

टीवी मसाला



## चंद्रिका ने वैलेंटाइन डे से पहले मिस्ट्री मैन को किया प्रपोज

नई दिल्ली। चंद्रिका दीक्षित लोगों के बीच सस्पेंस बढ़ाती ही जा रही हैं। उन्होंने अपने मिस्ट्री मैन के साथ एक वीडियो बनाया था और कहा था कि वह 8 फरवरी को बताएंगी वह शख्स कौन है। उसका नाम-पता क्या है। लेकिन, इस बार भी उन्होंने लोगों को चूरन थमा दिया। हालांकि ,जो लेस्टेस्ट रील पोस्ट की है, उसमें उन्होंने उस आदमी को थ्री-मैजिकल वर्ड 'आई लव यू' कह दिया है। साथ ही कैप्शन में भी प्यार उड़ेला है।चंद्रिका दीक्षित 2 फरवरी से ही लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रही हैं। दिल्ली में वड़ा पाव बेचकर सुर्खियों में आईं और फिर 'बिग बॉस ओटीटी 3' का हिस्सा बनीं। और लंबे वक्त बाद अपने पति पर धोखा देने का आरोप लगाकर वह चर्चा का विषय बन गई हैं। उन्होंने मिस्ट्री मैन को प्रपोज कर दिया है, जो अब सरदार जी के लुक में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में चंद्रिका कहती हैं, 'तुम गलत थे कि मुझे कभी प्यार नहीं हो सकता।' मिस्ट्री मैन ने पूछा, 'तुझे किससे प्यार हो गया?' वड़ा पाव गर्ल ने जवाब दिया, 'तुमसे।' इसके बाद वह पूछते हैं, 'सच्ची?' तो वड़ा पाव गर्ल कहती हैं, 'आई लव यू।' फिर दोनों एक-दूसरे को अपनी बाहों में भर लेते हैं। इस पर लोगों ने तरह-तरह के रिएक्शन्स दिए हैं। एक ने लिखा, ये मिस्ट्री मैन कभी सिख कभी मुसलमान बन जाता है।' ए ने लिखा, 'अनफॉलो करो और सब इसको मास रिपोर्ट करो।'

### कृतिका बनने जा रही हैं गौरव की दूसरी दुल्हनिया

नई दिल्ली। 'कितनी मोहब्बत है' फेम कृतिका कामरा फाइनली शादी करने जा रहा हीं। उन्होंने गौरव कपूर के साथ अपने रिश्ते के बारे में पिछले साल ही बताया था। और अब खबर है कि ये दोनों फेरे वाले हैं। वह



अपने रिश्ते को एक अगले लेवल पर ले जाने के लिए तैयार हैं और शायद मार्च, 2026 में पति-पत्नी बन जाएंगे। हालांकि अभी कपल की तरफ से पुष्टि नहीं की गई है। 'कृतिका और गौरव साथ में खुश हैं और अच्छी लाइफ बिता रहे हैं। और वह अब अपने रिश्ते को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने के लिए एक्साइटेड हैं। वह मार्च के आखिरी दिनों या अप्रैल के पहले हफ्ते शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। इस शादी में में उनके परिवार और दोस्त शामिल होंगे। सोर्स ने बताया है कि मुंबई में कपल फेरे लेगा। फिलहाल उसकी सभी रस्मों की तैयारी में वो जुटे हुए हैं। कृतिका और गौरव ने सभी फंक्शन्स के बारे में अभी कुछ फाइनल नहीं किया हैं कि वह क्या कुछ करेंगे। मगर वह मुंबई में इंडस्ट्री के लोगों को रिसेप्शन जरूर देंगे। बता दें कि कृतिका और गौरव ने दिसंबर, 2025 में अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था।

## जब अमिताभ को कहा गया थर्ड रेट एक्टर साधा विदेशी सोच पर निशाना

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपनी बात फैंस तक पहुंचाते हैं। सथ ही वह नियमित ब्लॉग भी लिखते हैं। हाल ही में अपने एक ब्लॉग में उन्होंने एक पुराना और बुरा अनुभव साझा किया। साथ ही भारत की अंडर-19 विश्वकप जीत के वक्त 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री' वाले कमेंट को लेकर भी सफाई दी। ट्वीट करते हुए अमिताभ बच्चन ने लिखा था, 'अंडर-19 क्रिकेट इंडिया विश्व चैंपियन। दुश्मन को ठोक दिया। ब्लाइंड, महिला, पुरुष क्रिकेट, सभी विश्व चैंपियन। हम नंबर 1 हैं, शीर्ष पर है, विश्व में प्रथम हैं। हम तीसरे दर्जे के नहीं हैं, हम विश्व में प्रथम हैं। भारत माता की जय।' कई लोगों को अमिताभ बच्चन का 'तीसरे दर्जे के देश' वाली बात पसंद नहीं आई। इसी बात को लेकर अमिताभ ने एक ब्लॉग लिखकर पूरी कहानी साझा की है।





### पुराना अनुभव किया साझा

अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'मुझे एक देश (नाम नहीं बताऊंगा) में होने वाले फिल्म फेस्टिवल के लिए बुलाया गया था। प्लेन में मैंने उनका अखबार देखा, जिसमें मेरी एक फिल्म की तस्वीर थी। भाषा समझ में न आने पर मैंने एयर होस्टेस से पूछा कि क्या लिखा है। उसने कहा कि यह एक इंडियन फिल्म का पोस्टर है और अखबार में लिखा है कि इसका एक्टर देश में आ रहा है। मैं यह देखकर हैरान कि यह विदेशी देश हमारी फिल्मों से इतना प्रभावित कैसे और क्यों हो सकता है। लैंडिंग के बाद मुझे पता चला कि ऐसा क्यों था।'

### देश को तीसरे दर्जे का कहे जाने पर नाराज हुए

अमिताभ बच्चन अपने ब्लॉग में आखिरी में लिखते हैं, 'थर्ड रेट एक्टर वाली बात मैंने मान ली। लेकिन भारत को तीसरी दुनिया का देश कहा जाना मेरे लिए दुखद था। इसलिए मैं एक बार फिर अपनी बात को दोहरा रहा हूं। अंडर19 क्रिकेट इंडिया, वर्ल्ड चैंपियंस है। दुश्मन को हरा दिया है।' इस तरह अमिताभ बच्चन ने जता दिया कि क्यों उन्होंने 'थर्ड वर्ल्ड कंट्री' वाला कमेंट पहले किया था। उनकी मंशा किसी को आहत करने की नहीं थी। वह सिर्फ विदेशी लोगों की भारत को लेकर सोच को उजागर कर रहे थे। साथ ही उन्हें करारा जवाब भर दे रहे थे।

## आयुष्मान-सारा की पति पत्नी और वो दो की रिलीज डेट बदली

मुंबई। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट बदल गई है। अब इसके लिए दर्शकों को इंतजार करना पड़ेगा। इस साल रिलीज होने जा रही फिल्मों की रिलीज डेट में बदलाव का क्रम जारी है। बीते दिन अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' की रिलीज डेट में बदलाव का एलान किया था। आज रविवार को आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज डेट भी बदलने की बात सामने आई है। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' पहले होली के अवसर पर 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। मगर, अब यह फिल्म होली के मौके पर रंग नहीं जमाएगी, क्योंकि तारीख में बदलाव कर दिया गया है। दर्शकों के लिए इंतजार थोड़ा लंबा हो गया है। यह फिल्म अब



गर्मियों में रिलीज होगी। बता दें कि ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने आज एक ट्वीट करके यह जानकारी दी है। इसके मुताबिक फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' अब 15 मई को रिलीज होगी। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' में आयुष्मान खुराना और सारा अली खान के अलावा रकुल प्रीत सिंह व वामिका गब्बी भी अहम भूमिका में हैं। दिलचस्प बात यह है कि पहले होली के अवसर पर रिलीज होने वाली यह फिल्म अब उस दिन रिलीज होगी, जिस दिन अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' आने वाली थी। अक्षय की 'भूत बंगला' पहले 15 मई को रिलीज हो रही थी। मगर, बीते शनिवार अक्षय कुमार ने बताया कि यह फिल्म अब 10 अप्रैल को रिलीज हो रही है। ऐसे में अक्षय की फिल्म की जगह पर 'पति पत्नी और वो दो' के मेकर्स ने कब्जा कर लिया।

### याद आ जाएंगे रिलेशनशिप के शुरुआती दिन

## वैलेंटाइन वीक में अपने पार्टनर के साथ देखें ये 6 रोमांटिक वेब सीरीज

नई दिल्ली। वैलेंटाइन वीक प्यार और दोस्ती के लिए खास फेस्टिवल की तरह है। ये सात दिन का होता है, जो 7 फरवरी से 14 फरवरी तक चलता है। इस वीक में आप अपने खास लोगों से प्यार का इजहार कर सकते हैं। अगर आप लॉन्ग डिस्टेंस में हैं या आपके पास बाहर जाने का समय नहीं है, तो आप अपने पार्टनर के साथ घर बैठे इन 6 रोमांटिक वेब सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। ये सीरीज देखकर आपको एक बार फिर अपने रिलेशनशिप के शुरुआती दिन याद आ जाएंगे।

### मिसमैच्ड

प्राजक्ता कोली और रोहित सर्राफ की 'मिसमैच्ड' सबसे चर्चित रोमांटिक सीरीज में से एक है। इसमें आपको कॉलेज की लव स्टोरी देखने को मिलती है। इस सीरीज में आपको प्यार, तकरार और फिर से प्यार कैसे होता है, ये देखने को मिलेगा। इसके 3 सीजन आ चुके हैं और जल्द ही चौथा सीजन भी आने वाला है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### ब्रोकन बट ब्यूटीफुल

इस सीरीज में आपको दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही सोनिया राठी और विक्रांत मैसी लीड रोल में हैं। इस सीरीज की कहानी काफी इमोशनल है। किरदारों की लव लाइफ में काफी अड़चनें आती हैं, लेकिन प्यार कैसे बरकार रहता है, ये आप इस सीरीज में देख पाएंगे। ये सीरीज आपको एमएक्स प्लेयर और अमेजन प्राइम पर मिल जाएगी।



**लिटिल थिंग्स** : 'लिटिल थिंग्स' साल 2016 में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। सीरीज में मिथिला पालकर और ध्रुव सहगल नजर आएंगे। सीरीज की कहानी में 'ध्रुव' और 'काव्या' की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जो कि लिव इन में रहते हैं। इसमें आपको एक लिव-इन कपल के बीच की नोक-झोंक और प्यार देखने को मिलेगा। अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ लिव-इन में रहते हैं, तो ये सीरीज आपके लिए है।

### मॉडर्न लव मुंबई

मॉडर्न लव मुंबई में 6 अलग-अलग लव स्टोरीज दिखाई गई हैं। सीरीज में फातिमा सना शेख, अरशद वारसी, प्रतीक गांधी और वामिका गब्बी अहम किरदार में नजर आएंगे। 'मॉडर्न लव' की खूबसूरती इसकी वैरायटी में है। यहां प्यार सिर्फ यंग कपल तक सीमित नही है। हर एक एपिसोड एक नयी कहानी है। ये 6 अनोखी कहानियां मॉडर्न प्यार और उसके महत्व पर आधारित हैं। इसे क्रिटिक्स से भी काफी सराहना मिली थी। इस सीरीज को आप अमेजन प्राइम पर देख सकते हैं।

### हॉस्टल डेज

इस सीरीज में आदर्श गौरव, एहसास चन्ना, निखिल विजय और आयुशी गुप्ता लीड रोल में हैं। इसमें रोमांस और कॉमेडी का शानदार बैलेंस है। अंकित और आकांक्षा की लव स्टोरी दर्शकों को कॉलेज के सुनहरे दिनों की याद दिलाती है। सीनियर्स की रैगिंग, पढ़ाई का दबाव और दोस्तों के साथ मस्ती इस सीरीज को और मजेदार बनाती है। अगर आप कॉलेज रोमांस और हॉस्टल लाइफ की मूवी या सीरीज पसंद करते हैं, तो यह सीरीज आपके लिए है। ये सीरीज आपको अमेजन प्राइम पर मिलेगी।

### फ्लेम्स

अमेजॉन प्राइम वीडियो की ये रोमांटिक सीरीज आपको अपने ट्यूशन के दिनों की याद दिला देगी। इस सीरीज में ऋत्विक साहोरे और तान्या मानिकतला अहम किरदार में हैं। किस तरह से ट्यूशन के टाइम पर प्यार और दोस्ती होती है। कैसे आप छुप-छुपकर अपने पार्टनर और दोस्तों से मिलते है, ये सब आपको इस सीरीज में देखने को मिलेगा।